www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 34.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 90.450g
चांदी 91.500kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper
bharatsamvad.live

2 आर्थिकी का केंद्र बने आधी आबादी, भागीदारी बढ़ने से देश होगा विकसित
4 बच्चों को मार फांसी पर लटका पिता 04

वर्ष :08 | अंक :275 | मुंबई ,शुक्रवार ,28 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

### रियाद से आए यात्री से 70 लाख रुपये का सोना बरामद: अधिकारी

जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बृहस्पतिवार को रियाद से आए एक यात्री से तस्करी कर लाया गया 70 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यात्री ने यह सोना अपने गुप्तांग में छुपा रखा था। आरोपी यात्री से पूछताछ के आधार पर उसके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति अजय फगेड़िया को भी गिरफ्तार किया गया, जिसे इस तस्करी का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी यात्री सऊदी अरब के रियाद से आए विमान से हवाई अड्डे पर उतरा था। अधिकारियों के अनुसार, जैसे ही विमान यहां उतरा एजेंसी के अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी यात्री की तलाश शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया, आरोपी यात्री को संदेह के आधार पर कस्टम जांच के लिए रोका गया, लेकिन उसके पास कुछ नहीं मिला। हालांकि, जांच के दौरान आरोपी के हावभाव से जांच दल का संदेह गहरा गया। आरोपी यात्री को अलग ले जाकर उसकी जांच की गई और पूछताछ की गई, लेकिन कुछ नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि संदेह के आधार पर एजेंसी ने अदालत से तत्काल अनुमति लेकर यात्री का एक्स-रे कराया, जिसमें उसके गुप्तांग में छिपाया गया सोना दिखाई दिया।

### कौशांबी में ट्रक के टक्कर मारने से मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों की मौत

कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर तेज गति से गुजर रहे एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे उसपर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार की रात लगभग 11 बजे कौशांबी के थाना चरवा के ग्राम पंसौर निवासी कल्याण (20) और संदीपन घाट थाना के ग्राम बलियावां निवासी पवन (26) मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहे थे। संदीपन घाट के थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह ने बताया कि उनके इलाके के मनोहरगंज मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज करके अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# ओडिशा में कांग्रेस का 'हल्लाबोल'

**▸▸पुलिस का लाठीचार्ज, वाटर कैनन चलाई...आंसू गैस के गोले दागे, कई घायल**

**विरोध मार्च**

**ओडिशा विधानसभा की ओर विरोध मार्च निकाल रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया.**

एजेंसी

भुवनेश्वरः ओडिशा में कांग्रेस ने अपने 14 विधायकों के निलंबन के विरोध में गुरुवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया. उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया. खबर के मुताबिक, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस भी इस्तेमाल किया. इस दौरान कुई कांग्रेस कार्यकर्ता घायल हो गए.गुरूवार को ओडिशा विधानसभा की ओर अपने विरोध मार्च के दौरान भुवनेश्वर में कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच झड़प के दौरान हाई-वोल्टेज राजनीतिक ड्रामा देखने को मिला.



**"महिला सुरक्षा और कांग्रेस विधायकों के निलंबन के मुद्दे को लेकर कथित तौर पर गुस्साए कांग्रेस कार्यकताओं ने पुलिस पर ईंटों और पत्थरों से हमला किया. इसके अलावा, सुरक्षा बलों पर अंडे, टमाटर और पानी की बोतलें फेंकी गईं.**

लोअर पीएमजी स्क्वायर पर स्थिति जल्द ही काबू से बाहर हो गई में बदल गई और पूरा इलाका एक तरह से युद्ध के मैदान में तब्दील हो गया.बता दें कि, महिलाओं के खिलाफ अपराध और इस मुद्दे को उठाने के बाद 14 कांग्रेस विधायकों को सदन से निलंबित करने के मुद्दे पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है.प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता रूपादित्य महापात्रा ने कहा कि,..यहां (ओडिशा) महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, इनके (बीजेपी) शासन में कितनी ही महिलाएं बलात्कार और हमले की शिकार हुई हैं...हमारा सवाल महिला सुरक्षा के बारे में था और सरकार इसके लिए क्या कर रही है? जब हमने सदन में यह सवाल पूछा तो हमारे विधायकों को निलंबित कर दिया गया...हम विधानसभा में प्रवेश करेंगे, वे हमें रोक नहीं पाएंगे... गुस्से में आकर कुछ प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियां ?भी फेंकी, जिससे तनाव और बढ़ गया.कांग्रेस के प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए महिला सुरक्षा के मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की।

**इसके लिए सरकार जिम्मेदार है : कांग्रेस**

**ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा, कांग्रेस राज्य में महिलाओं और छात्रों की सुरक्षा की मांग को लेकर सड़क पर उतरी है. सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा, अन्यथा हमारा विरोध जारी रहेगा. बता दें कि, विधानसभा में 14 कांग्रेस विधायकों को अनियंत्रित व्यवहार के कारण एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है.**

# मैं जिंदगी में माफी नहीं मांगूंगा, राणा सांगा विवाद पर बोले सपा सांसद रामजी लाल सुमन

**"समाजवादी पार्टी (सपा) से संबंधित जावेद अली खान और रामजी लाल सुमन ने कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा आगरा में एक पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा के मौजूदा सदस्य के आवास पर कथित धमकी और हमले के प्रयास पर चर्चा की मांग करते हुए नोटिस दिया था।**

एजेंसी

नई दिल्ली : समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने गुरुवार को कहा कि वह राणा सांगा पर अपनी टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांगेंगे, क्योंकि इतिहास को नकारा नहीं जा सकता है.राज्यसभा से सदस्य सुमन ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा है कि उनके घर पर उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने के मकसद से हमला किया गया. सांसद नेता ने कहा कि इस घटना के बारे में उन्होंने राज्यसभा के सभापति को जानकारी दे दी है.बता दें कि हाल ही में सांसद सुमन का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि राणा सांगा एक गद्दार था, जिसने इब्राहिम लोदी को पराजित करने के लिए बाबर को बुलाया था.सांसद ने कहा कि इस जन्म में तो माफी नहीं मांगूंगा, मुझे अगले जन्म का पता नहीं है. सुमन ने उक्त बातें आगरा स्थित घर पर करणी सेना के सदस्यों द्वारा हमला किए जाने के एक दिन बाद कही है.उन्होंने कहा कि उनको सत्य स्वीकार करना सीखना होगा।

**राज्य में जब सांसद सुरक्षित नहीं है तो...**



**करणी सेना का बड़ा ऐलान, जुबान काटने पर 5 लाख देने की घोषणा**

**उदयपुरः समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है. उदयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने इस बयान की कड़ी निंदा करते हुए घोषणा की है कि जो भी व्यक्ति सपा सांसद रामजीलाल सुमन की जुबान काटकर लाएगा, उसे 5 लाख 51 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा. वहीं, लोकसभा में भी महाराणा सांगा को अपमानित किए जाने का मुद्दा गूंजा. सांसद सीपी जोशी ने तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों पर हो कठोर कार्रवाई की मांग की.**

# ये देश कोई धर्मशाला नहीं, घुसपैठियों पर सख्ती जरूरी

**इमिग्रेशन बिल पर संसद में बोले अमित शाह**

एजेंसी

**"शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वालों को देश में घुसने नहीं दिया जाएगा। देश कोई धर्मशाला नहीं है। अगर कोई देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए देश में आता है, तो उसका हमेशा स्वागत है।**

लोकसभा ने आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 को पारित किया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में कहा कि हमारे देश में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए यह जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है, इसलिए किसी शरणार्थी नीति की हमें जरूरत नहीं। उन्होंने कहा कि आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक से भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हमारा सपना पूरा होने वाला है। शाह ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वालों को देश में घुसने नहीं दिया जाएगा। देश कोई धर्मशाला नहीं है। अगर कोई देश के विकास में अपना योगदान देने के लिए देश में आता है, तो उसका हमेशा स्वागत है। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत एक चमकता हुआ केंद्र बन गया है। भारत मैन्यूफैक्चरिंग का हब बन गया है और दुनिया भर से लोगों का भारत आना स्वाभाविक है। भाजपा नेता ने दावा किया कि निजी लाभ के लिए और देश को असुरक्षित बनाने के लिए भारत में शरण लेने वालों की संख्या भी बढ़ी है। रोहिंग्या हों या बांग्लादेशी, अगर वे भारत में अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत एक भू-सांस्कृतिक राष्ट्र है, भू-राजनीतिक राष्ट्र नहीं। फारसी लोग भारत आए और आज देश में सुरक्षित हैं। दुनिया का सबसे छोटा अल्पसंख्यक समुदाय भारत में ही सुरक्षित है।



### प्रशांत किशोर ने नीतीश कुमार की मानसिक स्थिति पर उठाए सवाल, मेडिकल बुलेटिन की मांग की

जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मानसिक स्वास्थ्य पर मेडिकल बुलेटिन जारी करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश को सार्वजनिक कार्यक्रमों और मीडिया से दूर रखा जा रहा है ताकि लोगों की नजर उन पर न पड़े। शेखपुरा जिले में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए किशोर ने कहा कि इन सावधानियों के बावजूद जेडी(यू) प्रमुख अपने असामान्य आचरण के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।किशोर, जो कुमार के साथ मतभेदों के बाद निष्कासित होने से पहले जेडी(यू) के साथ काम कर चुके हैं।

# आस्था आर्थिक विकास को गति दे सकती है

**अपनी सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी में बोले सीएम योगी**

**"धार्मिक गलियारों के विकास के बारे में बोलते हुए, सीएम योगी ने उल्लेख किया कि मां विंध्यवासिनी का गलियारा पहले ही लाखों आगंतुकों को आकर्षित कर चुका है, जो क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहा है।**

एजेंसी



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पिछले आठ वर्षों में अपनी सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आर्थिक विकास को गति देने में आस्था के महत्व पर प्रकाश डाला। धार्मिक गलियारों के विकास के बारे में बोलते हुए, सीएम योगी ने उल्लेख किया कि मां विंध्यवासिनी का गलियारा पहले ही लाखों आगंतुकों को आकर्षित कर चुका है, जो क्षेत्र के विकास में योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में बोलते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, आस्था आर्थिक विकास का आधार भी बन सकती है या महाकुंभ ने इसका मार्ग प्रशस्त किया और मैं आपको बधाई देता हूं, मां विंध्यवासिनी का कॉरिडोर बनने के बाद लाखों सरदार वहां आए हैं और मैं आप सभी को श्रद्धा के साथ आने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आगे कहा, गंगा एक्सप्रेसवे देश का अब तक का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे है, मेरठ से प्रयागराज के बीच। हमने तय किया है कि हम एक सर्वे कराएंगे और मां विंध्यवासिनी धाम को बाबा विश्वनाथ धाम से जोड़ेंगे।

इस एक्सप्रेसवे को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाना चाहिए।उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे के महत्व पर भी जोर देते हुए इसे देश का सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे बताया, जो मां विंध्यवासिनी धाम और बाबा विश्वनाथ धाम जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ेगा, जिससे कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को और बढ़ावा मिलेगा।

# वक्फ संपत्तियों को उद्योगपतियों को सौंपना चाहती है सरकार

**"राजद विधायक ने आगे कहा कि जैसे रेलवे और एयरवेज का निजीकरण किया गया, वैसे ही वह देश की सारी संपत्तियों को कुछ निजी संस्थाओं को सौंपना चाहती है। राजद और विपक्ष इस विधेयक के खिलाफ है और अगर यह संसद में पारित हो भी जाता है तो लालू यादव और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद इसे जमीनी स्तर पर लागू नहीं होने देगी।**

एजेंसी

**वक्फ विधेयक को लेकर बिहार में विपक्ष का विरोध प्रदर्शन**



वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 समेत विभिन्न मुद्दों पर बिहार विधानसभा के बाहर विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता अजीत शर्मा ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक वापस लिया जाना चाहिए। बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है और सभी अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। राजद विधायक मुकेश कुमार यादव ने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 एक विशिष्ट व्यक्ति और समुदाय के खिलाफ एक निषेध है। सरकार वक्फ संपत्तियों को कुछ उद्योगपतियों को सौंपना चाहती है।राजद विधायक ने आगे कहा कि जैसे रेलवे और एयरवेज का निजीकरण किया गया, वैसे ही वह देश की सारी संपत्तियों को कुछ निजी संस्थाओं को सौंपना चाहती है।राजद और विपक्ष इस विधेयक के खिलाफ है और अगर यह संसद में पारित हो भी जाता है तो लालू यादव और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में राजद इसे जमीनी स्तर पर लागू नहीं होने देगी।उन्होंने कहा कि हम हर समुदाय के अधिकार की लड़ाई लड़ते हैं।इसलिए हम चाहते हैं कि बिहार के 65% आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया जाए।

# पारंपरिक नमाज पर कोई पाबंदी नहीं, सुरक्षा के मद्देनजर छत पर एकत्रित होने पर रोक : संभल के एएसपी

**▸▸ एएसपी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि परंपरागत तरीके से जिन मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की जाती रही है, वहां इसे सकुशल तौर पर संपन्न कराया जाए।**

एजेंसी



संभल के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि पारंपरिक ढंग से नमाज अदा करने पर कोई पाबंदी नहीं है, लेकिन दुर्घटनाएं रोकने के लिए छतों पर बड़ी संख्या में एकत्रित होने पर रोक लगाई गई है। जुमा (शुक्रवार) अलविदा की नमाज को लेकर तैयारियों पर संवाददाताओं से बात करते हुए एएसपी ने कहा कि लोग शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा करें, यह सुनिश्चित करने के लिए सेक्टर और जोन के अंतर्गत पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।उन्होंने बताया कि बुधवार को शांति समिति की बैठक में कुछ लोगों द्वारा छतों पर नमाज पढ़ने का मामला उठाया गया था।एएसपी ने कहा कि उन लोगों ने पूछा था कि वे आसपास की छतों पर गैर परंपरागत रूप सेनमाज अदा कर सकते हैं अथवा नहीं, जिस पर यह स्पष्ट किया गया।

**मांग**

**बीजेपी और आप आई साथ, विधानसभा ने बनाई कमेटी**

# दिल्ली में विधायकों की सैलरी बढ़ाने की मांग

एजेंसी



**"वेतन संशोधन के साथ-साथ विधायकों ने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित कार्यों के लिए नियुक्त कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि और डेटा एंट्री ऑपरेटरों के पारिश्रमिक में वृद्धि की भी मांग की। पैनल का गठन केंद्र द्वारा लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी संसद सदस्यों के लिए 24% वेतन वृद्धि की घोषणा के तुरंत बाद हुआ है।**

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा ने विधायकों के वेतन में संशोधन की मांगों की जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति का गठन किया, क्योंकि भाजपा और आप दोनों के विधायकों ने सदन में यह मुद्दा उठाया था। वेतन संशोधन के साथ-साथ विधायकों ने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित कार्यों के लिए नियुक्त कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि और डेटा एंट्री ऑपरेटरों के पारिश्रमिक में वृद्धि की भी मांग की। पैनल का गठन केंद्र द्वारा लागत मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी संसद सदस्यों के लिए 24% वेतन वृद्धि की घोषणा के तुरंत बाद हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन में दो मुद्दों पर चर्चा हुई- एक डेटा एंट्री ऑपरेटरों से संबंधित और दूसरा संसद के अनुरूप विधायकों के मानदेय में वृद्धि से संबंधित। बीजेपी के मुख्य सचेतक अभय वर्मा इस समिति का नेतृत्व करेंगे, जिसमें विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, पूनम शर्मा, सजीव झा और विशेष रवि शामिल हैं। समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर विस्तार का विकल्प भी दिया गया है। चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायकों ने वेतन संशोधन की आवश्यकता पर जोर दिया। आप विधायक अनिल झा ने कहा कि विधायकों का दर्जा तो सम्मानजनक है, लेकिन उनके वेतन और भत्ते उनके निर्वाचन क्षेत्रों के जिला मजिस्ट्रेट और उप-विभागीय मजिस्ट्रेट से कम हैं। उन्होंने पूर्व विधायकों के लिए सम्मानजनक पेंशन की भी मांग की। आप के विशेष रवि ने सुझाव दिया कि दिल्ली सरकार वेतन संशोधन के लिए एक प्रस्ताव तैयार करे और केंद्र से मंजूरी ले। भाजपा विधायक कुलवंत राणा ने तर्क दिया कि दिल्ली के विधायकों को गोवा और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों के बराबर वेतन मिलना चाहिए। इस फैसले पर आप विधायक अनिल झा ने कहा कि विधायकों को एक गरिमापूर्ण दर्जा दिया जाता है, लेकिन उनकी सैलरी जिलाधिकारियों और एसडीएम से भी कम है. उन्होंने पूर्व विधायकों के लिए सम्मानजनक पेंशन की भी मांग की. वहीं बीजेपी विधायक कुलवंत राणा ने कहा कि दिल्ली के विधायकों को भी गोवा और जम्मू-कश्मीर की तरह उचित वेतन मिलना चाहिए. इसके अलावा बीजेपी विधायक सूर्य प्रकाश खत्री ने विधायकों के लिए डेटा एंट्री ऑपरेटर्स की संख्या दो से बढ़ाकर चार करने और उनका वेतन बढ़ाने की मांग की.

# मीट की दुकानों पर मचे बवाल के बीच बोले आप सांसद संजय सिंह, हिम्मत है तो...




एजेंसी

**○ सिंह ने भाजपा के दोहरे मानदंडों पर जोर देते हुए पूछा कि शराब का सेवन हिंदू परंपराओं के खिलाफ होने के बावजूद नवरात्रि के दौरान शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति क्यों दी जाती है। उन्होंने मांग की कि पूरे त्योहार की अवधि में शराब की दुकानें बंद रखी जाएं।**

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को भाजपा विधायक रविंदर सिंह नेगी की नवरात्रि के दौरान दिल्ली में मीट की दुकानें बंद करने की मांग पर पलटवार किया। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नवरात्रि के दौरान केएफसी की दुकानें और भाजपा नेताओं के स्वामित्व वाली रेस्तरां क्यों खुले रहते हैं। सिंह ने भाजपा को चुनौती दी कि अगर उन्हें वास्तव में हिंदू भावनाओं की परवाह है तो इन प्रतिष्ठानों को बंद कर दें। सिंह ने भाजपा के दोहरे मानदंडों पर जोर देते हुए पूछा कि शराब का सेवन हिंदू परंपराओं के खिलाफ होने के बावजूद नवरात्रि के दौरान शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति क्यों दी जाती है। उन्होंने मांग की कि पूरे त्योहार की अवधि में शराब की दुकानें बंद रखी जाएं। सिंह ने कहा कि केएफसी की दुकानें और भाजपा नेताओं के रेस्तरां खुले हैं, अगर उनमें हिम्मत है तो उन्हें बंद करके देखें। नवरात्रि के दौरान शराब की दुकानें क्यों खुली हैं? नवरात्रि के दौरान शराब की दुकानें बंद रखें। सिंह ने भाजपा के रुख के पाखंड की ओर इशारा करते हुए कहा कि दिल्ली में विभिन्न देशों के दूतावासों और गेस्ट हाउस में मांस और मछली पकाई जाती है। आप नेता ने कहा, यहां विभिन्न देशों के दूतावास हैं, वहां मांस और मछली पकाई जाती है। दिल्ली में विभिन्न देशों के कई गेस्ट हाउस हैं, वहां भी मांस पकाया जाता है।

## सम्पादकीय

### शहरी विकास का सही तरीका, अर्बन प्लानिंग के लिए ठोस प्रयास आवश्यक

पांच ट्रिलियन (लाख करोड़) डॉलर की इकोनमी बनने की भारत की अभिलाषा में स्थायी और समावेशी शहरी विकास की आकांक्षा एक अपरिहार्य तत्व है। यह आकांक्षा तीव्र शहरीकरण, पर्यावरण परिवर्तन और सामाजिक असमानता से तत्काल निपटने से संबंधित है ।इन जटिल चुनौतियों से निपटने के लिए देश को कुशल प्लानरों और ऐसे पेशेवरों की जरूरत है, जो पर्यावरण अनुकूल, सभी को समान अवसर देने वाले और सशक्त शहरी वातावरण को सार्थक दिशा देने की क्षमता के धनी हों। भारत में प्लानिंग एजुकेशन पर फिर से विचार किया जाना चाहिए।शहरी विकास के परिदृश्य को नए नजरिये से देखना आवश्यक हो गया है ।इसके साथ ही प्लानिंग एजुकेशन का रूपांतरण भी जरूरी है। अब हमें प्लानिंग के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक आयामों के व्यापक परिदृश्य वाला दृष्टिकोण अपनाना होगा।इस दिशा में परिणाम आधारित शिक्षा की पहल उपयोगी होगी। इसके अंतर्गत पाठ्यक्रम कुछ इस तरह निर्धारित करना होगा कि वह रोजगार बाजार की तेजी से बढ़ती मांग के अनुरूप हो ।उससे ऐसे स्नातक निकलें, जो केवल सैद्धांतिक ज्ञान से ही लैस न हों, बल्कि उनके पास तकनीकी, विश्लेषणात्मक और संवाद के ऐसे कौशल हों, जो वास्तविक दुनिया की चुनौतियों से जूझ सकें।इसके साथ ही उनमें नीतियों के विश्लेषण की क्षमता हो और वे सामाजिक समानता और आर्थिक विकास की बारीकियों को समझते हों ।प्लानिंग एजुकेशन को समाजशास्त्र, आर्थिकी, पर्यावरण विज्ञान और तकनीक के इस्तेमाल जैसे विषयों की समझ और उन्हें समग्र रूप से अपनाने का पहलू पाठ्यक्रम में शामिल होना चाहिए।शहरी प्रबंधन, शहरी वित्त, परियोजना विकास, नीति नियोजन तथा विश्लेषण जैसे विषय आधुनिक शहरी परिदृश्य की जटिलताओं से निपटने के लिए बेहद आवश्यक हैंसंस्थानों को अस्थायी शिक्षकों के बजाय प्रतिबद्ध और पूर्णकालिक शिक्षकों में निवेश करना चाहिए। पर्यावरण परिवर्तन, समस्याओं से निपटने के लिए शहरों की क्षमता निर्माण जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी विशेषज्ञता की जरूरत है ।इस दिशा में इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर्स जैसे नियामकीय निकाय यह सुनिश्चित करते हैं कि प्लानिंग का काम संकीर्ण रियल एस्टेट हितों के बजाय व्यापक जनहित को प्राथमिकता दे।इसमें सभी पक्षों के साथ समन्वय के लिए आवश्यक है कि प्लानरों के पास मजबूत प्रबंधकीय कौशल हो, जिसमें विवादों का समाधान, बातचीत, मध्यस्थता और पैरवी शामिल है ।नियोजन संबंधी ज्ञान में वैज्ञानिक नजरिया, नैतिकता और सौंदर्यबोध भी जरूरी है। प्लानरों को नवाचारी और समुदायों के सांस्कृतिक तथा सामाजिक ताने-बाने के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए।

## आज का विचार







**मेष राशि :** मेष राशि के जातक कल किसी नए काम को करने की योजना बना सकते हैं. जो लोग नौकरी में बदलाव के लिए सोच रहे हैं, तो वह कर सकते हैं, लेकिन आपको अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर भी पूरा ध्यान देना होगा.

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के मन में उत्साह बना रहेगा. आप कार्यक्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकलवाने की कोशिश करेंगे, लेकिन परिवार का कोई सदस्य आपके मन को ठेस पहुंचा सकता है.

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातकों की इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे. आपके मान सम्मान में वृद्धि होने से खुशी होगी. आप यदि कोई काम को लेकर परेशान चल रहे थे, तो उसमें जीवनसाथी की सलाह आपके लिए कारगर सिद्ध होगी.

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. आपको किसी छोड़ी नौकरी का ऑफर आ सकता है. सिंगल लोगों के लिए कोई बेहतर रिश्ता आ सकता है, जिसे परिवार के सदस्यो द्वारा तुरंत मंजूरी मिल सकती है.

**सिंह राशि:** सिंह राशि के जातकों को किसी वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा. आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है. आपको लेनदेन बहुत ही सावधानी से कामों को करना होगा.

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन चिंताग्रस्त रहने वाला है. गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगी. प्रेम जीवन जी रहे लोगों के मन में कुछ समस्याएं आ सकती हैं. आपको पढ़ाई लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा. जो विद्यार्थी पढ़ाई लिखाई में ढील देंगे, उन्हें परीक्षा में अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता होगी.

**तुला राशि :** तुला राशि के जातको के रोजगार में यदि कुछ बाधा आ रही थी, तो वह भी दूर होगी. आपको कामों में कठिनाईयां अधिक रहने से आपका मन परेशान रहेगा. आपको किसी विशेष काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है. आप किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी कर सकते हैं.

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातको को सामाजिक सम्मान की प्राप्ति हो सकती हैं. आपके कुछ नया करने के प्रयास रंग लायेगे. घर परिवार में भी चल रही समस्याओं को आप मिल बैठकर दूर करेंगे, जिससे घर में शांति भरा माहौल रहेगा.

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन उन्नति दिलाने वाला रहेगा. विदेशो से पढ़ाई लिखाई करने की सोच रहे विद्यार्थियों को कोई स्कॉलरशिप मिल सकती हैं. आपके अधिकारी भी आपके कामों को लेकर आपको कोई सलाह दे सकते हैं.

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए दिन आय और व्यय की तुलना में बेहतर रहने वाला है. धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी. आपको अपने आस पड़ोस में मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा. आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा. आपको किसी को धन उधार बहुत ही सोच विचार कर देना होगा.

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि के जातकों के कामों में यदि कुछ बाधाएं आ रही थी, तो वह भी दूर होगी. किसी नई नौकरी को करने की आपकी इच्छा जागृत हो सकती हैं. आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जिसमें आप पुराने गिले शिफ्ट हुए न उखाड़े. आपके कल कुछ नए विरोधी खड़े हो सकते हैं. आपके परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है.

**मीन राशि ;** मीन राशि के जातको की इन्कम के सोर्स बढ़ेंगे. आपके कामों में कुछ कठिनाईया आ सकती हैं. किसी नए भूमि, वाहन आदि के खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा. आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपके लिए वापस मिल सकता है. आप अपनी बुद्धि व विवेक से आप कुछ ऐसे निर्णय लेंगे, जिनको देखकर कार्यक्षेत्र में लोग भी हैरान रहेंगे.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# आर्थिकी का केंद्र बने आधी आबादी, भागीदारी बढ़ने से देश होगा विकसित

> कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश को विकसित बनाने में ही सफलता नहीं मिलेगी बल्कि लैंगिक समानता के लक्ष्य को पाने में भी सहायता मिलेगी। कामकाजी महिलाएं महिला सशक्तीकरण का पर्याय हैं। इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि जो देश विकसित हैं उनमें कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी भी अधिक है।

विश्व बैंक की हाल में आई रिपोर्ट बिकमिंग ए हाई इनकम इकोनमी इन ए जेनरेशन बताती है कि 2047 तक भारत को उच्च आय वाला देश बनने के लिए औसतन 7.8 प्रतिशत की दर से विकास करना होगा। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वित्तीय क्षेत्र के साथ-साथ भूमि और श्रम सुधार भी करने होंगे ।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 से अब तक भारतीय आर्थिकी लगभग चार गुना बढ़ी है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पादन करीब तीन गुना हो गया है। इसी दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2000 में 1.6 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 3.4 प्रतिशत हो गई है। विश्व बैंक की रिपोर्ट इस पहलू पर जोर देती है कि 2047 तक भारत को महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर को 35.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके जनसंख्यिकीय लाभ उठाना चाहिए ।पिछले छह वर्षों में महिला रोजगार से संबंधित आंकड़े आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, बेरोजगारी दर में कमी, कार्यबल में शिक्षित महिलाओं की बढ़ती संख्या और आय में लगातार वृद्धि की ओर इशारा करते हैं। दुनिया भर के आंकड़े यह बता रहे हैं कि महिलाओं द्वारा संचालित उद्यम निरंतर बढ़ रहे हैं और महिलाएं घरेलू आय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं ।आर्थिक विकास को गति देने में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम आकार के उद्यम (एमएसएमई) वैश्विक अर्थव्यवस्था के केंद्र में हैं। इंटरनेशनल फाइनेंस कारपोरेशन के मुताबिक एमएसएमई वैश्विक



अर्थव्यवस्था में 90 प्रतिशत से अधिक व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो 70 प्रतिशत कार्यबल को रोजगार देते हैं। भारत की जीडीपी में एमएसएमई का योगदान वित्त वर्ष 2017-18 में 29.7 प्रतिशत था, जो 2022-23 में बढ़कर 30.01 प्रतिशत हो गया ।पुरुषों के एकाधिकार वाले उद्यमों में भी महिलाओं ने अपनी जगह बनाई है। इसका प्रमाण यह है कि सात मार्च, 2025 तक कुल एमएसएमई पंजीकरण में जहां पुरुषों का प्रतिशत 59.52 था, वहीं महिलाओं का 40.10 प्रतिशत। ये आंकड़े मिसाल हैं कि महिलाएं आर्थिकी का महत्वपूर्ण हिस्सा बनने के लिए तत्पर हैं। देश में लगभग 15 प्रतिशत यूनिकार्न स्टार्टअप की संस्थापक कम से कम एक महिला है। महिलाओं के नेतृत्व वाले इन यूनिकार्न का संयुक्त मूल्य 4,000 करोड़ रुपये से अधिक है ।विश्व बैंक के शोध पत्र फोस्टरिंग फीमेल ग्रोथ आंत्रप्रेन्योरशिप इन रूरल इंडिया के अनुसार महिलाओं के स्वामित्व वाले उद्यमों को बढ़ावा देने से ग्रामीण भारत में महिला श्रम बल भागीदारी दर और आर्थिक विकास को काफी बढ़ावा मिल सकता है। उसके अनुसार अगर इस क्षेत्र में प्रयासों में तीव्रता लाई जाए तो 2030 तक महिलाओं के स्वामित्व वाले 3.95 करोड़ उद्यम हो सकते हैं ।बैन एंड कंपनी और गूगल की एक संयुक्त रिपोर्ट-वुमन आंत्रप्रेन्योरशिप इन इंडिया-पावरिंग द इकोनमी विद हर के अनुसार भारत में महिला उद्यमी 2030 तक 15-17 करोड़ नौकरियां पैदा कर सकती हैं, जो पूरी कामकाजी आबादी के लिए जरूरी नई नौकरियों के 24 प्रतिशत से अधिक हैं। भारत के आर्थिक विकास में ग्रामीण आर्थिकी वह आधार स्तंभ है, जिसकी मजबूती से विकसित भारत की संकल्पना साकार हो सकती है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार ग्रामीण महिलाओं में स्वरोजगार वाले श्रमिकों/ नियोक्ताओं की हिस्सेदारी 2017-18 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 31.02 प्रतिशत हो गई है, जो स्वतंत्र कार्य और उद्यमिता की ओर महत्वपूर्ण कदम है ।नीति आयोग की एक रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण महिलाओं में स्वरोजगार उन सभी क्षेत्रों में हुआ है, जहां सरकारी सहायता प्रमुख रही है। राष्ट्रीय स्तर पर 15 मंत्रालयों के तहत 70 केंद्रीय योजनाएं उद्यमिता को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं। इसके अतिरिक्त सरकार ने महिला श्रमिकों की रोजगार क्षमता में सुधार लाने में योगदान देने वाली विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू किया है, जिसमें सबसे आशाजनक है प्रधानमंत्री कौशल भारत योजना ।लगभग नौ करोड़ महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार की कई योजनाएं चल रही हैं। ऐसी योजनाएं राज्य सरकारें भी संचालित करें। इसके साथ ही उन्हें कानून एवं व्यवस्था पर भी अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने समक्ष उपस्थित संभावनाओं को भुनाने के लिए प्रेरित होती हैं ।महिला श्रमबल भागीदारी 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 41.7 प्रतिशत हो गई है। आर्थिक समीक्षा के अनुसार इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण ग्रामीण महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला कृषि रोजगार 2017-18 में 73.02 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 76.9 प्रतिशत हो गया। इस प्रकार यह कार्य बल के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रवेश की एक शक्तिशाली लहर को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त महिला बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय गिरावट नौकरी की उपलब्धता में वृद्धि का संकेत देती है ।कार्यबल में महिलाओं की उपस्थिति आर्थिक विकास का एक शक्तिशाली चालक सिद्ध हो रही है। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का उत्पादकता बढ़ाने, नवाचारों को बढ़ावा देने और अधिक वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने पर सीधा प्रभाव पड़ता है। अर्थव्यवस्था में ज्यादा महिलाओं का योगदान आंकड़ों से कहीं अधिक एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत देता है। इसके साथ ही यह सतत आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में महिलाओं की परिवर्तनकारी भूमिका का प्रतीक भी है ।कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश को विकसित बनाने में ही सफलता नहीं मिलेगी, बल्कि लैंगिक समानता के लक्ष्य को पाने में भी सहायता मिलेगी। कामकाजी महिलाएं महिला सशक्तीकरण का पर्याय हैं। इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि जो देश विकसित हैं, उनमें कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी भी अधिक है।

# शिक्षा सुधार में निजी स्कूलों को भी देना होगा योगदान



**विजय गर्ग**

आजादी के बाद से भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में कई तरह के सुधार हुए हैं, फिर भी छात्रों में सीखने का संकट बना हुआ है। बेशक शिक्षा की पहुंच बढ़ी है, लेकिन बुनियादी साक्षरता अब भी कम है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर) फिर से बता रही है कि कक्षा पांच के कमोबेश आधे बच्चे दूसरी कक्षा की सरल पाठ्य सामग्री बहुत मुश्किल से पढ़ पाते हैं। चीन ने जहां 20वीं सदी में दशकों तक प्राथमिक शिक्षा में किए गए रणनीतिक निवेश का लाभ उठाया है, वहीं भारत अब तक स्कूली शिक्षा सुधार के लिए डाटा-आधारित नजरिया नहीं अपना सका है।2009 से चल रहे अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीआईएसए) जैसे वैश्विक मूल्यांकनों से दूरी भारत को उस मूल्यांकन से दूर कर देता है, जिसकी हमें जरूरत है। जाहिर है, मूल्यांकन और पाठ्यक्रम को सही करने के किसी व्यवस्थित नजरिये के बिना कोई भी ढांचागत बदलाव दूर की कौड़ी साबित होगा।

सुखद बात है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 इन कमियों को स्वीकार करती है और इसमें कई महत्वपूर्ण सुधार बताए भी गए हैं। हमें यह समझना ही होगा कि ऐसी शिक्षा प्रणाली, जो बुनियादी व पारिस्थितिकी तंत्र के स्तर पर संघर्षरत हो, उस तरह के बदलाव नहीं ला सकती, जिसकी जरूरत हमें विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने में है

इस सूरतेहाल में निजी स्कूलों की भूमिका काफी बढ़ गई है। राज्य के धीरे-धीरे पीछे हटने के साथ ही निजी संस्थानों ने इस रिक्तता को भरने का काम किया है। आज कई राज्यों में 50 फीसदी से अधिक बच्चे निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। हालांकि, यह क्षेत्र अब भी बंटा हुआ है, जिसके कारण नवाचार का प्रसार सीमित हो रहा है। स्कूल सहयोग करने के बजाय प्रतिस्पर्द्धा करते हैं और अक्सर मुट्ठी भर संस्थानों तक सफल मॉडल सिमटकर रह जाता है। मगर कई निजी स्कूलों ने बहुभाषी शिक्षा, अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम और वैश्विक संपर्क की शुरूआत भी की है, जिससे छात्रों को एक-दूसरे से जुड़ी दुनिया के लिए तैयार किया जा रहा है। इतना ही नहीं, शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली टेक कंपनियों के सहयोग से कक्षाओं को ज्यादा आकर्षक, व्यक्तिगत और भविष्यपरक बनाया गया है। हालांकि, ये लाभ भी समान रूप से सबको उपलब्ध नहीं हैं, मुख्य रूप से शहरी और महंगे स्कूल ही ऐसी सुविधाएं मुहैया कराते हैं। ऐसे में, उद्देश्य और जिम्मेदारी को परिभाषित करने, विश्वास को मजबूत बनाने और डाटा-आधारित सरकारी-निजी सहयोग को आगे बढ़ाने की रणनीति खासा महत्वपूर्ण बन जाती है।

सरकारें अक्सर दीर्घकालिक ढांचागत सुधार को प्राथमिकता नहीं देतीं। निजी स्कूलों को यहीं पर आगे आना चाहिए। उनको न सिर्फ अपना संस्थान बेहतर बनाना चाहिए, बल्कि व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र को आकार देने में भी मदद करनी चाहिए। बेशक, वे सामाजिक उद्यम के रूप में संचालित होती हैं, पर ज्यादातर स्कूलों के पास बदलाव लाने के लिए जरूरी संसाधन मौजूद हैं। उन्हें आर्थिक हितों से परे जाकर जिम्मेदारी की भावना के साथ काम करना चाहिए।

इसी तरह, तमाम योगदानों के बावजूद निजी स्कूलों को संदेह की नजर से देखा जाता है। यह नजरिया, जो कई मामलों में सही भी है, उन्हें फायदे के आधार पर चलने वाली संस्था के रूप में पेश करता है। इतिहास हमें यह बताता है कि निजी पहल ने अनेक क्षेत्रों में नवाचार को आगे बढ़ाया है। ऐसे में, स्कूली तंत्र को भला क्यों अपवाद बनाकर रखा जाए? हमें राज्य, निजी स्कूलों और एड-टेक कंपनियों में सामंजस्य के तरीके भी बदलने होंगे। हमें प्रदर्शन और सामूहिक जवाबदेही पर आधारित साझेदारी की जरूरत है। राज्य ऐसे मॉडल बना सकते हैं, पर निजी स्कूलों को भी सीखने की समझ बढ़ाने, योग्यता-आधारित शिक्षा पर जोर देने और रोजगार संबंधी क्षमता पैदा करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एआई का भी इस्तेमाल करना चाहिए।

जाहिर है, हमें तत्काल कदम उठाने होंगे। अगर हमें 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है, तो स्कूली शिक्षा को फिर से परिभाषित करना होगा। इसमें निजी स्कूलों की भूमिका नवाचार, डाटा आधारित फैसले लेने और व्यापक परिवर्तन के केंद्र की होनी चाहिए।

# कड़वे और मीठे बोलों का खेल, शब्द और लेखनी के अद्भुत परिणाम।

**संजीव ठाकुर**

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो लेखनी की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर लेखनी से लिखे गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले और लिखने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य में अज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहारें छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं।

# सौगात-ए-मोदी को लेकर भाजपा पर भड़के उद्धव ठाकरे, पूछा- क्या सिर्फ बिहार और यूपी चुनाव के लिए है?

उद्धव ठाकरे ने भाजपा के 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम का मजाक उड़ाते हुए इसे महज नौटंकी करार दिया। उन्होंने कहा कि जब मुसलमानों ने हमें बड़ी संख्या में वोट दिया, तो भाजपा की आंखें सदमे से सफेद हो गई। अगर मुसलमान वोट देते हैं, तो वे इसे 'सत्ता जिहाद' कहते हैं।




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर महायुति सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भाजपा के 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम की भी आलोचना की और इसे हिंदुत्व के प्रति उनके पाखंड का उदाहरण बताया। उद्धव ठाकरे ने भाजपा के 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम का मजाक उड़ाते हुए इसे महज नौटंकी करार दिया। उन्होंने कहा कि जब मुसलमानों ने हमें बड़ी संख्या में वोट दिया, तो भाजपा की आंखें सदमे से सफेद हो गईं। अगर मुसलमान वोट देते हैं, तो वे इसे 'सत्ता जिहाद' कहते हैं ।ठाकरे ने कहा, लेकिन अब ईद के लिए उन्होंने 'सौगात-ए-मोदी' अभियान शुरू किया है, जहां 32 लाख भाजपा कार्यकर्ता 32 लाख मुसलमानों के घर जाएंगे। यह 'सौगात-ए-मोदी' नहीं है, यह सरासर बेशर्मी है। यह 'सौगात-ए-सत्ता' (सत्ता के लिए उपहार) है। ये लोग नकली हिंदुत्व समर्थक हैं। उन्होंने भाजपा पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा, ₹जब उन्हें सुविधा होती है तो वे मुसलमानों को बलि का बकरा बनाते हैं, लेकिन चुनाव के दौरान वे मिठाई बांटते हैं। देखिए कि कैसे ये दलबदलू अब अचानक टोपी पहन लेते हैं। मुझ पर हिंदुत्व छोड़ने का आरोप लगाने से पहले, पहले अपने झंडे से हरा रंग हटा लें। अब हिंदू महिलाओं के मंगलसूत्र की रक्षा कौन करेगा? क्या कोई सच्ची हिंदुत्व पार्टी बची भी है।

# इसको शिवसेना की भाषा में प्रसाद देने का टाइम आ गया है, मंत्री ने कुणाल कामरा को दी धमकी

## 12 बजे दूंगा सबूत...कुणाल कामरा के यूट्यूब चैनल को टेरर फंडिंग? शिवसेना नेता ने पुलिस से की जांच की मांग

कुणाल कामरा ने सारी हदें पार कर दी हैं। पानी सिर से ऊपर चला गया है और अब उसे प्रसाद देने का समय आ गया है। वह जहाँ भी छिपा हो, हम उसे बाहर निकालेंगे। कामरा को अपने किए का परिणाम भुगतना होगा, शंभुराज देसाई ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे शिवसैनिकों ने उनके पहले वीडियो के बाद उनके स्टूडियो में जाकर अपना गुस्सा दिखाया है। कामरा की हरकतें जानबूझकर की गई हैं, और अब समय आ गया है

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , महाराष्ट्र के मंत्री और शिवसेना नेता शंभूराज देसाई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर अपने नए पैरोडी गाने को लेकर स्टैंड-अप कलाकार कुणाल कामरा पर गुरुवार को निशाना साधा और कहा कि उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं और अब उन्हें प्रसाद देने का समय आ गया है। शिवसेना नेता ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कुणाल कामरा पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट सहित प्रमुख हस्तियों के बारे में बार-बार आपत्तिजनक बयान देने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि सहिष्णुता का समय समाप्त हो गया है ।कुणाल कामरा ने सारी हदें पार कर दी हैं। पानी सिर से ऊपर चला गया है और अब उसे प्रसाद देने का समय आ गया है। वह जहाँ भी छिपा हो, हम उसे बाहर निकालेंगे। कामरा को अपने किए का परिणाम भुगतना होगा, शंभुराज देसाई ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे शिवसैनिकों ने उनके पहले वीडियो के बाद उनके स्टूडियो में जाकर अपना गुस्सा दिखाया है। कामरा की हरकतें जानबूझकर की गई हैं, और अब समय आ गया है कि उन्हें हमारे अपने अंदाज में शिवसेना का 'प्रसाद' दिया जाए। हम विधायक हैं, मंत्री हैं, लेकिन सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, हम शिवसैनिक हैं और हमारा धैर्य खत्म हो रहा है ।देसाई ने यह भी घोषणा की कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कामरा के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई का वादा किया है, और कलाकार से आगे आकर शिवसैनिकों का सामना करने का आग्रह किया है। देसाई ने चेतावनी दी अगर कामरा में हिम्मत है तो उसे सामने आकर हमारा सामना करना चाहिए। हम सुनिश्चित करेंगे कि पुलिस उसे ढूंढ़ ले, चाहे वह कहीं भी छिपा हो ।राहुल कनाल ने कहा कि वह कुणाल कामरा के यूट्यूब चैनल को बंद करने और उसे बंद करने के लिए अनुरोध प्रस्तुत करेंगे।

# पश्चिम रेलवे द्वारा 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

फास्ट ट्रैक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित किए गए हैं।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 09049/09050 दादर - भुसावल (साप्ताहिक) स्पेशल

ट्रेन संख्या 09049 दादर-भुसावल स्पेशल जिसे पहले 28 मार्च, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 27 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09050 भुसावल- दादर स्पेशल जिसे पहले 28 मार्च, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 27 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

2. ट्रेन संख्या 09051/09052 दादर - भुसावल (त्रि-साप्ताहिक) स्पेशल

ट्रेन संख्या 09051 दादर-भुसावल स्पेशल जिसे पहले 31 मार्च, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09052 भुसावल-दादर स्पेशल, जिसे पहले 31 मार्च, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 30 जून, 2025 तक विस्तारित किया गया है ।ट्रेन संख्या 09049 तथा 09051 के विस्तारित फेरों की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों और IRCTC की वेबसाइट पर 29 मार्च, 2025 से शुरू होगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## गोरेगांव स्टेशन के उत्तरी छोर पर स्थित पुराना फुट ओवर ब्रिज 2 अप्रैल, 2025 से बंद रहेगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई,गोरेगांव स्टेशन के उत्तरी छोर पर स्थित पुराने फुट ओवर ब्रिज (FOB) को डिस्मेंटल करने और पुनर्निर्माण कार्य के सिलसिले में 2 अप्रैल, 2025 से 180 दिनों के लिए सार्वजनिक उपयोग के लिए बंद कर दिया जाएगा ।इस अवधि के दौरान यात्री नए उत्तरी फुट ओवर ब्रिज (FOB) का उपयोग कर सकते हैं, जो पुराने फुट ओवर ब्रिज (FOB) से सटा हुआ है ।यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा खेद व्यक्त किया गया है।

## महाराष्ट्र के अकोला में 40 डिग्री के पार पहुंचा पारा

मुंबईः देश के विभिन्न भागों में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। मौसम विभाग ने इसको देखते हुए हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में गुरुवार को मंबई शहर में 31.5 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया। टटफ का तापमान 32 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने न्यूनतम तापमान क्रमशः 24.8 और 23 डिग्री दर्ज किया, हालांकि महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में तापमान 40 डिग्री के पार निकल गया। अकोला में अधिकतम 42 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। चंद्रपुर में 41.2 डिग्री तापमान रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले कुछ दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होगी ।आईएमडी ने दी ये सलाहमौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे अधिक समय तक धूप में न रहें। घर से निकलें तो पानी की बोतल साथ में रखें और गला सूखने और प्यास लगने पर पेय पदार्थ लेते रहें ।इसके अलावा मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने सिर को ढककर ही निकलें। किसानों को सलाह दी गई है कि वे लगातार अपने खेतों में काम न करें।

# संविधान खतरे में है...उद्धव ठाकरे के बयान पर भड़के एकनाथ शिंदे, कुणाल कामरा कंट्रोवर्सी के बीच डायरेक्ट अटैक

- शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर बोलो सीधा हमला
- संविधान पर चर्चा के दौरान किया कटाक्ष
- शिंदे बोले, विपक्ष सिर्फ मुद्दे उठाता है बस



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को निशाने पर लिया है। बुधवर को शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे के बयान पर एकनाथ शिंदे ने कहा कि संविधान पर चर्चा के दौरान वह कहते हैं कि संविधान खतरे में है। उन्हें पहले चर्चा में हिस्सा लेना चाहिए। क्या वह बीआर अंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करते? जब संविधान पर चर्चा होती है, तो वह अनुपस्थित रहते हैं। विपक्ष केवल सदन में विरोध प्रदर्शन करना चाहता है। सरकार उनके मुद्दों पर चर्चा और जवाब देने के लिए तैयार है। शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर यह सीधा निशाना तब साधा है जब खुद उद्धव ठाकरे खुलकर कॉमेडियन कुणाल कामरा का समर्थन कर रहे हैं। कुणाल कामरा ने अपने नया भारत गीत में शिंदे का बिना नाम लिए उनके काम और हुलिए का जिक्र करके निशाना साधा था।

### संविधान सिर्फ कानून नहीं है

उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधान परिषद में कहा कि संविधान पिछले 75 वर्षों से लगातार देश का मार्गदर्शन करता रहा है और आने वाली सदियों तक ऐसा करता रहेगा। भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विधान परिषद में ₹भारतीय संविधान की गौरवशाली यात्रा₹ विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। शिंदे ने कहा कि संविधान यह सुनिश्चित करता है कि सभी लोग सम्मान और न्याय के साथ रह सकें। संविधान ने पुरुषों और महिलाओं को समान अधिकार दिए। यही कारण है कि आज महिलाएं मुख्यमंत्री, राज्यपाल, न्यायाधीश, लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जैसे उच्च पदों पर पहुंच पाई हैं। शिंदे ने कहा कि संविधान सिर्फ कानून नहीं है, यह लोकतंत्र का चार्टर है। प्रत्येक भारतीय को महापुरुष, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के प्रति सदैव कृतज्ञ रहना चाहिए।

### धारा 370 का किया उल्लेख

अंबेडकर पर बोले हुए शिंदे ने कहा कि भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब द्वारा दिया गया संविधान कभी पुराना नहीं होगा। संयुक्त राज्य अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 200 वर्षों में उस विश्वविद्यालय से अध्ययन करने वाले विद्वानों में डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को प्रथम स्थान दिया गया था। इसलिए कोलंबिया विश्वविद्यालय में डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की एक प्रतिमा स्थापित की गई। इसके नीचे 'ज्ञान का प्रतीक' लिखा है। इस पर 'बाबासाहेब अम्बेडकर' लिखा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमारे देश का सौभाग्य है कि ऐसे ज्ञानी और महान विद्वान ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया।

# जीवनसाथी का आत्महत्या की कोशिश करना या धमकी देना क्रूरता है, यह तलाक का वैध आधार, बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

- बॉम्बे हाईकोर्ट ने आत्महत्या की धमकी को क्रूरता माना
- पति ने पत्नी पर जेल भेजने की धमकी देने का आरोप लगाया
- कोर्ट ने तलाक के फैसले को बरकरार रखा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान व्यवस्था दी कि जीवनसाथी की ओर से आत्महत्या की धमकी देना या प्रयास करना ह्यक्रूरताह्ल के समान है और यह तलाक का वैध आधार है। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस आर एम जोशी ने पिछले महीने अपने आदेश में एक दंपती के विवाह को भंग करने संबंधी पारिवारिक अदालत के आदेश को बरकरार रखा। महिला ने पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था ।दरअसल पति ने पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी देते हुए आरोप लगाया था कि पत्नी ने उसे और उसके परिवार को आत्महत्या करके जेल भेजने की धमकी दी थी। उसने पारिवारिक न्यायालय में तलाक देने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधानों के तहत क्रूरता है। हाईकोर्ट की बेंच ने अपने आदेश में कहा कि पति और अन्य गवाहों की ओर से पारिवारिक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्य पर्याप्त रूप से यह प्रदर्शित करते हैं कि पति द्वारा क्रूरता का किया गया दावा सही है ।अदालत ने कहा कि व्यक्ति ने न केवल यह आरोप लगाया है कि पत्नी उसे और उसके परिवार को आत्महत्या करके जेल भेजने की धमकी देती थी, बल्कि वास्तव में एक बार उसने अपनी जान लेने का प्रयास भी किया था। हाईकोर्ट ने कहा कि पति या पत्नी की ओर से ऐसा कृत्य क्रूरता होगा और यह तलाक के लिये पर्याप्त होगा। पीठ ने तलाक देने के पारिवारिक न्यायालय के आदेश को रद्द करने से इनकार कर दिया और कहा कि इसमें कोई त्रुटि नहीं है, इसलिए फैसले में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

### क्या है मामला?

मामले के अनुसार, दंपती की शादी अप्रैल 2009 में हुई थी और उनकी एक बेटी भी है। व्यक्ति ने दावा किया कि उसके ससुराल वाले अक्सर उसके घर आते थे और उसके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप करते थे। पति के मुताबिक 2010 में पत्नी उसका घर छोड़कर अपने मायके चली गई और वापस आने से इनकार कर दिया। व्यक्ति ने यह भी दावा किया कि उसकी पत्नी ने आत्महत्या की धमकी दी थी और एक बार तो उसने अपनी जान लेने का प्रयास भी किया था।

# पश्चिम रेलवे पर रविवार, 30 मार्च, 2025 को कोई डे ब्लॉक नहीं

## सांताक्रूज और माहिम स्टेशनों के बीच पश्चिम रेलवे का रात्रिकालीन ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु पश्चिम रेलवे द्वारा शनिवार/रविवार, 29/30 मार्च, 2025 के बीच की मध्यरात्रि को सांताक्रूज और माहिम स्टेशनों के बीच डाउन स्लो लाइन पर 01:00 बजे से 04:30 बजे तक 03.30 घंटे का जंबो ब्लॉक लिया जाएगा, जबकि अप स्लो लाइन पर 00:30 बजे से 04:30 बजे तक 4 घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा ।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान डाउन स्लो लाइन की लोकल ट्रेनें मुंबई सेंट्रल (लोकल) से सांताक्रूज के बीच डाउन फास्ट लाइन पर चलाई जाएंगी। इस कारण लोअर परेल, माहिम और खार रोड स्टेशनों पर इन ट्रेनों का दोहरा ठहराव होगा, क्योंकि प्लेटफॉर्म की लंबाई अपर्याप्त होने के कारण सामान्य ठहराव संभव नहीं होगा। वहीं, महालक्ष्मी, प्रभादेवी और माटुंगा रोड स्टेशनों पर ये ट्रेनें नहीं रुकेंगी, क्योंकि वहां प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होने के कारण ठहराव संभव नहीं होगा ।इसी प्रकार, अप स्लो लाइन की लोकल ट्रेनें सांताक्रूज से मुंबई सेंट्रल (लोकल)/चर्चगेट तक अप फास्ट लाइन पर चलाई जाएंगी। इस कारण खार रोड स्टेशन पर इन ट्रेनों का दोहरा ठहराव होगा, क्योंकि प्लेटफॉर्म की लंबाई अपर्याप्त होने के कारण सामान्य ठहराव संभव नहीं होगा। वहीं, माहिम, माटुंगा रोड, प्रभादेवी, लोअर परेल और महालक्ष्मी स्टेशनों पर ये ट्रेनें नहीं रुकेंगी, क्योंकि वहां प्लेटफॉर्म उपलब्ध नहीं होने के कारण ठहराव संभव नहीं होगा ।इस संबंध में विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त व्यवस्थाओं पर ध्यान दें ।इसलिए पश्चिम रेलवे उपनगरीय खंड पर रविवार, 30 मार्च, 2025 को दिन के समय कोई ब्लॉक नहीं रहेगा।

# दिनांक 30.03.2025 को नेरल स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कमिशनिंग हेतु विशेष ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई मंडल, रविवार, दिनांक 30.03.2025 को 08.30 बजे से 14.30 बजे तक नेरल स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कमिशनिंग हेतु विशेष ब्लॉक परिचालित करेगा।

ब्लॉक के कारण होने वाले परिवर्तन निम्नानुसार होंगेः

ब्लॉक अवधि के दौरान उपनगरीय ट्रेनों का परिचालनः

बदलापुर और कर्जत स्टेशनों के बीच 11.30 बजे से 14.30 बजे तक उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

निम्नलिखित उपनगरीय ट्रेनों को बदलापुर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट कर दिया जाएगा

सीएसएमटी-कर्जत लोकल एस-17 सीएसएमटी से 09.57 बजे प्रस्थान

सीएसएमटी-कर्जत लोकल एस-19 सीएसएमटी से 10.36 बजे प्रस्थान

सीएसएमटी-कर्जत लोकल एस-21 सीएसएमटी से 11.14 बजे प्रस्थान

ठाणे-कर्जत लोकल टीएस-5, ठाणे से 12.05 बजे प्रस्थान

सीएसएमटी-खोपोली लोकल केपी-5 सीएसएमटी से 12.20 बजे प्रस्थान

सीएसएमटी-कर्जत लोकल एस-15 जो सीएसएमटी से 09.30 बजे प्रस्थान करेगी, अंबरनाथ स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट कर दी जाएगी

निम्नलिखित उपनगरीय ट्रेनें बदलापुर स्टेशन से शॉर्ट ऑरिजनेट होंगी

कर्जत- सीएसएमटी लोकल एस-26 कर्जत से 11.25 बजे प्रस्थान करनेवाली

कर्जत-सीएसएमटी लोकल एस-28 कर्जत से 12.00 बजे प्रस्थान करनेवाली

कर्जत-सीएसएमटी लोकल एस-30 कर्जत से 12.23 बजे प्रस्थान करनेवाली

कर्जत-सीएसएमटी लोकल एस-32 कर्जत से 13.00 बजे प्रस्थान करनेवाली

कर्जत-ठाणे लोकल टीएस-2 कर्जत से 13.27 बजे प्रस्थान करनेवाली

कर्जत-सीएसएमटी लोकल एस-34 कर्जत से 13.55 बजे प्रस्थान करनेवाली, अंबरनाथ स्टेशन से शॉर्ट ऑरिजनेट होगी

अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का डायवर्जन

निम्नलिखित ट्रेनों को कर्जत-पनवेल मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा और कल्याण से चढ़ने/उतरने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए पनवेल और ठाणे स्टेशनों पर ठहराव दिया जाएगा।

ट्रेन संख्या 11014 कोइमबतूर - एलटीटी एक्सप्रेस

ट्रेन संख्या 12164 चेन्नई-एलटीटी एक्सप्रेस,

ट्रेन संख्या 12493 मिरज-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस।

डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का रेगुलेशन

ट्रेन संख्या 22159 सीएसएमटी-चेन्नई एक्सप्रेस को 14.11 बजे से 14.30 बजे तक वांगनी स्टेशन पर रेगुलेट किया जाएगा।

ट्रेन संख्या 17222 एलटीटी-काकीनाडा एक्सप्रेस 15 से 20 मिनट देरी से चलेगी।

ये ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन सहयोग करें

# दिशा सालियन से गैंगरेप...संजय निरुपम ने आदित्य ठाकरे का इस्तीफा मांगते हुए लगाए बड़े आरोप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर दिशा सालियन की मौत के मामले को लेकर शिवसेना नेता संजय निरुपम ने आदित्य ठाकरे पर बड़ा हमला बोला है। संजय निरुपम ने कहा जो लोग भोली-भाली छवि लेकर महाराष्ट्र पर राज करना चाहते हैं। वे रात के अंधेरे में कितने पाप करते हैं। उसका खुलासा जरूरी है। संजय निरुपम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जिस तरह से नैतिकता के आधार पर धनंजय मुंडे ने इस्तीफा दिया है। उसी प्रकार से आदित्य ठाकरे को भी अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए ताकि दिशा सालियन मामले की निष्पक्ष जांच हो सके।

## चलती कार में लगी आग

### ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, दमकल की टीम ने पाया काबू

नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौर सिटी चौक पर एक चलती रेनॉल्ट क्विड कार में अचानक आग लग गई। कार का चालक समय रहते कूदकर बाहर निकल गया। घटना बिसरख थाना क्षेत्र में हुई। घटना के समय कार नोएडा के पृथला गोल चक्कर से ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रही थी। गौर सिटी चौक के पास पहुंचते ही कार के बोनट से धुआं निकलना शुरू हो गया। चालक को कुछ समझ में आता, उससे पहले ही कार में आग लग गई।


**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रीक्यूरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2024/48. कार्य का नामः** सोलापुर मंडल में स्थित 5 गुड्स शेड में ट्रैक के किनारे प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ 6 गुड्स शेड में हाईमास्ट प्रकाश व्यवस्था के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा भाग का कार्य। **कार्य की लागतः** रु.72,24,829.76/- **बोली प्रतिभूतिः** रु. 1,44,500/- **कार्य पुरा करने की अवधिः** 09 माह **निविदा प्रस्ताव की वैधताः** 60 दिन **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समयः** दि. 21/04/2025 को 15.00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर करना है।

व.मं.वि.इं. (सा), सोलापुर 44

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**स्लज डीजल पंप उपलब्ध कराना**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008. ई-निविदा सूचना संख्याः बीसीटी/24-25/319, दिनांक 26.03.2025 आमंत्रित करता है। **कार्य और स्थानः** विरार-जोरावासन खंडः एडीईएन/दहानू खंड के अंतर्गत विभिन्न स्थानों आरयूबी पर एलसी 44, 45 46, ।50, 53, 54, 59, 63, 65, (कुल 09 संख्या) और एडीईएन/वलसाड खंड के अंतर्गत आरयूबी संख्या 68, 72, 78, 89, बीआर, 229, एलसी संख्या 347 ए वापी सबवे, और भिलाड आरयूबी (कुल 08 संख्या) पर मानसून के पानी को पंप करने के लिए स्लज डीजल पंप प्रदान करना। **कार्य की अनुमानित लागतः**21,44,097.60। **ईएमडीः** 42900/-। जमा करने की **तिथि और समयः** 22.04.2025, 15:00 बजे तक। खुलने की **तिथि और समयः** 22.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ।

1241

Like us on facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**टैम्पिंग से पहले और बाद में ट्रैक माप सर्वेक्षण**

वरिष्ठ संवर्गीय अभियंता (मध्य) एमएमसीटी, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, **दिनांक** 24.03.2025 को **निविदा सूचना संख्याः** बीसीटी/24-25/315 आमंत्रित करता है। **कार्य एवं स्थानः** स्वीकृत ट्रैक कार्य जोरवासन सूरत सीटीआर (पी) -1.559 टीकेएम, टीआरआर (पी) = 2.584 टीकेएम और टीएसआर (पी) - 30.799 टीकेएम के संबंध में सीनियर डीईएन/सेंट्रल, मुंबई सेंट्रल डिवीजन (डबूयूआर) के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टिम्बल गेडो वोर्सिस ट्रॉली प्रणाली का उपयोग करके पूर्व और बाद में टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण। **कार्य की अनुमानित लागतः** 42,81,927.10। **ईएमडीः** 85,600/-। **जमा करने की तिथि और समयः** 22.04.2025, 15:00 बजे तक। **खोलने की तिथि और समयः** 22.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएँ। 1235

Like us on facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे द्वारा दादर =भुसावल विशेष ट्रेनों के फेरो का विस्तार**

| ट्रेन सं. | से | तक | चलने का दिन | विस्तारित तक |
|---|---|---|---|---|
| 09049 | दादर | भुसावल | शुक्रवार | 27.06.2025 |
| 09050 | भुसावल | दादर | शुक्रवार | 27.06.2025 |
| 09051 | दादर | भुसावल | सोम,बुध,शनि | 30.06.2025 |
| 09052 | भुसावल | दादर | सोम,बुध,शनि | 30.06.2025 |

ठहरावों और संरचना के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन संख्या 09049 और 09051 की बुकिंग 29.03.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेनें विशेष ट्रेन के रूप में विशेष किराए पर चलेंगी।

पश्चिम रेलवे

www.wr.indianrailways.gov.in

Like us on: facebook.com/WesternRly

Follow us on: X.com/WesternRly

आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएं


# मध्य रेल द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों के लिए विशेष दिवस पर महाप्रबंधक ने दिव्यांगजन रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया

## महाप्रबंधक ने दिव्यांगजन कर्मचारियों और कर्मचारियों के दिव्यांगजन बच्चों को विशेष दिव्यांग अनुकूल उपकरण भेंट किए

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री धर्मवीर मीना ने दिनांक 26.03.2025 को सीएसएमटी सभागार में केंद्रीय कर्मचारी लाभ निधि (सीएसबीएफ) के तत्वावधान में मध्य रेल के कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित एक समारोह में दिव्यांगजनों के लिए विशेष दिवस₹ के भाग के रूप में 11 दिव्यांगजन रेलवे कर्मचारियों को रोल मॉडल पुरस्कार से सम्मानित किया। दिव्यांगजनों को उनकी विकलांगता के बावजूद उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने और दूसरों के लिए अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करने के लिए ये पुरस्कार प्रदान किए गए ।समारोह के मुख्य अतिथि और महाप्रबंधक श्री मीना ने 7 दिव्यांगजन रेलवे कर्मचारियों को विभिन्न दिव्यांग अनुकूल उपकरण भी भेंट किए, जिनमें 4 कर्मचारियों को लैपटॉप (विशेष उपयोगकर्ता अनुकूल सॉफ्टवेयर के साथ), दिया गया, शेष 3 कर्मचारियों में से एक को स्मार्टफोन, एक को 1 जोड़ी स्मार्ट एआई चश्मा और एक को 1 वॉकिंग स्टिक प्रदान किया गया। महाप्रबंधक ने रेलवे कर्मचारियों के दो दिव्यांगजन बच्चों को टखने और पैरों के लिए ऑर्थोसिस और स्टेटिक साइकिल भी भेंट की ।इस अवसर पर बोलते हुए श्री मीना ने कहा कि मध्य रेल में 1253 दिव्यांगजन कर्मचारी कार्यरत हैं और उन्हें आवश्यक उपकरण प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि उनकी क्षमता बढ़े और उनके दैनिक कार्यकलापों को आसान बनाया जा सके, जिसमें उनके कार्यस्थल पर विशेष सुविधाएं प्रदान करना भी शामिल है ।इससे पहले श्री मीना ने पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुभ शुरूआत की। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं अध्यक्ष, सीएसबीएफ श्री पी. पी. पांडे ने गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत पौधे भेंट कर किया और स्वागत भाषण दिया ।वरिष्ठ अधिकारियों के प्रोत्साहन भरे शब्दों और दिव्यांगजन कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए मध्य रेल की पहल को जारी रखने की नई प्रतिबद्धता के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।समारोह में अपर महाप्रबंधक श्री प्रतीक गोस्वामी, अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष, मध्य रेल के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# जिले के 16 हजार 903 घरकुल लाभार्थी घरकुलों का भूमिपूजन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे, मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य में '100 दिवसीय कार्य कार्यक्रम' एवं 'महा आवास अभियान वर्ष 2024-25' क्रियान्वित किया जा रहा है। इन गतिविधियों में लक्ष्य के अनुसार आश्रयों को मंजूरी देना, अनुमोदित आश्रयों को पहली किस्त का वितरण, सभी आश्रयों को भौतिक रूप से पूरा करना शामिल है। जिसके अनुसार जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रोहन घुगे के निर्देशानुसार, जिले में 16 हजार 903 घरकुल लाभार्थियों के घरकुल का भूमिपूजन कार्यक्रम आज, गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। ठाणे जिले में केंद्र प्रायोजित और राज्य प्रायोजित घरकुल योजना के तहत कुल 16 हजार 903 घरकुल लाभार्थी, घरकुल भूमि पूजन कार्यक्रम 27 मार्च, 2025 को ग्राम पंचायत स्तर पर पूरा हो चुका है और कलेक्टर अशोक शिनगारे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के शुभ हाथों में भिवंडी तालुका के राहुर ग्राम पंचायत के कुंभारपाड़ा में घरकुल भूमि पूजन किया गया है। इसके अलावा कलेक्टर अशोक शिनगारे और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने शाहपुर और मुरबाड की ग्राम पंचायतों के घरकुल भूमि पूजन का दौरा किया।

# ऑटो रिक्शा टैक्सी चालकों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की सरकार से मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे, शिव परिवार (रिक्शा-टैक्सी) कल्याण समिति ने आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें ऑटो रिक्शा और टैक्सी चालकों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। जिसमें समिति के संयोजक एडवोकेट विनय कुमार सिंह, कमलेश सिंह, संतोष पाटील, आशीष सिंह, कमलेश पांडे, राजबली गुप्ता, सोनू सिंह, अशोक गिरी, और काफी संख्या में चालक बैठक में शामिल हुए। उबर, ओला और अन्य थर्ड-पार्टी ऐप्स द्वारा चालकों के शोषण, किराया कटौती और अनुचित नियमों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। समिति ने सरकार से माँग की है कि सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म सरकारी निगरानी में संचालित हों और सरकार की अनुमति से ही कार्य करें। बैठक की गई मांगों में डिजिटल प्लेटफॉर्म सरकार की निगरानी में चलें झ उबर, ओला और अन्य कंपनियों के कामकाज पर सरकार का सीधा नियंत्रण हो, ताकि वे अपने मनमाने नियमों से चालकों का शोषण न कर सकें। एक स्वतंत्र 'रिक्शा-टैक्सी नियामक आयोग' का गठन किया जाए, जो ऑटो और टैक्सी चालकों के अधिकारों की रक्षा करे। किराए में पारदर्शिता लाई जाए झ चालकों को उनके मीटर के अनुसार पूरा किराया मिले, जिससे किसी भी प्रकार की मनमानी और कमीशन कटौती को रोका जा सके। डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए लाइसेंस अनिवार्य किया जाए झ किसी भी कंपनी को सरकार की अनुमति के बिना ऑटो-टैक्सी बुकिंग सेवा चलाने की इजाजत न दी जाए। चालकों की आय की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानजनक तरीके से कर सकें आदि प्रमुख हैं। बैठक में समिति के प्रमुख एडवोकेट विनय कुमार सिंह ने कहा कि ओला, उबर जैसी कंपनियाँ अपने ऐप्स के जरिए चालक और ग्राहक के बीच बिचौलिया बनकर गलत फायदा उठा रही हैं। सरकार को इसे नियंत्रित करने के लिए कड़े कानून बनाने चाहिए। हम तब तक संघर्ष जारी रखेंगे, जब तक सरकार इस पर कार्रवाई नहीं करती। अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो हम सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

फास्ट ट्रैक

# मंदिर के सामने शराब ठेका खुलने पर विरोध

## पुवायां में लोगों ने जताई नाराजगी, आबकारी विभाग ने स्थानांतरण का दिया आश्वासन



शाहजहांपुर, बंडा थाना क्षेत्र में एक प्राचीन मंदिर के सामने देसी शराब का ठेका खोलने का विरोध हुआ। स्थानीय लोगों ने इसके खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। आशीष जायसवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आबकारी विभाग को शिकायती पत्र दिया। उन्होंने कहा कि यह रिहायशी इलाका है। मंदिर में महिलाएं और बच्चे नियमित रूप से आते हैं। शराब का ठेका खुलने से उनकी दिनचर्या प्रभावित होगी। शिकायत के बाद आबकारी विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उनके सामने धरना प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने स्थिति को देखते हुए शराब के ठेके को दूसरी जगह स्थानांतरित करने का आश्वासन दिया।

# त्योहारों को लेकर तिलहर में पीस कमेटी की बैठक

## एसडीएम ने दिए निर्देश, धार्मिक कार्यक्रमों में डेसिबल सीमा का पालन जरूरी



शाहजहांपुर, तिलहर कोतवाली में ईद, रामनवमी और नवरात्र त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम जीत सिंह राय और सीओ ज्योति यादव ने की। बैठक में नगर की जल आपूर्ति लाइन के लिए खोदी गई सड़कों की मरम्मत का मुद्दा प्रमुखता से उठा। डॉ. आलोक अग्रवाल ने पुरानी गल्ला मंडी में मोटरसाइकिल स्टैंड बनवाने का सुझाव रखा। एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को इस पर विचार करने का निर्देश दिया। शहर काजी और शहर इमाम ने ईद की नमाज को लेकर सभी से शांतिपूर्वक मस्जिदों में तय समय पर नमाज अदा करने की अपील की। रामनवमी की शोभायात्रा के संबंध में भी चर्चा हुई। सीओ ज्योति यादव ने होली की तरह अन्य त्योहारों को भी मिलजुलकर मनाने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि शांति व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स हर समय तैनात रहेगा। एसडीएम ने त्योहारों के दौरान विशेष व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। इनमें जलापूर्ति, धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई और विद्युत आपूर्ति शामिल हैं। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर साउंड सिस्टम को निर्धारित डेसिबल सीमा में रखने का निर्देश दिया। पीस कमेटी की बैठक में नगर पालिका के 25 सभासदों में से केवल अकरम पाला ही उपस्थित रहे। पिछले कुछ समय से सभासद बैठकों में भाग नहीं ले रहे हैं। बैठक में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार और एसडीओ सौरभ शाक्य भी मौजूद रहे।

# बदलापुर में रविवार 30 मार्च को बंजारा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

**आयोजन शिवसेना शहर प्रमुख वामन महात्रे और पूर्व नगरसेवक अरुण सुरवल के सौजन्य से।**

- गौतमी पटेल और सचिन कुमावत बिखेरेंगे मनोरंजन का तड़का।
- आयोजन स्थल छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान माउली चौक शिरगांव बदलापुर पूर्व।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बदलापुर. वामन महात्रे फाउंडेशन और बंजारा समाज बदलापुर के सौजन्य से आगामी 30 मार्च रविवार को छत्रपति शिवाजी महाराज मैदान माउली चौक शिरगांव बदलापुर पूर्व में सायंकाल 6 बजे से बंजारा महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। बंजारा महोत्सव का आयोजन शिवसेना शहर प्रमुख पूर्व नगराध्यक्ष वामन महात्रे और महोत्सव के आयोजक पूर्व नगरसेवक अरुण सुरवाल की तरफ से किया जा रहा है। बंजारा महोत्सव कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए गौतमी पाटिल, सचिन कुमावत, प्राची गोड्तुरे (डांसर), अंजना बर्लेकर (गायक) भैया मोरे (गायक), अशोक वनसारे, प्रीति घुघे, अशोक पाटिल, प्राची ठाकुर, ललिता पाटिल, विद्या भाटिया आदि कलाकार अपनी परफॉर्मेंस से मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उक्त महोत्सव बदलापुर के बंजारा समाज की समृद्ध सभ्यता-संस्कृति के उत्थान और विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। मूलतः बंजारा समाज जुझारू, बहादु और व्यापारिक गुणों से सज्जित समाज रहा है। इस महोत्सव में मनोरंजन, ज्ञान और प्रबोधन का उच्चकोटी का मिश्रण होगा। बंजारा समाज की कला संस्कृति, वेशभूषा, नृत्याभिनय और अन्य उल्लेखनीय पक्षों को उभारने का प्रयास रहेगा। विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य करने वाले बंजारा समाज की विभूतियों के विचार उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे समाज के अन्य लोगों को प्रोत्साहन मिले और वो भी आगे बढ़कर अपने और समाज के उत्थान में कार्य कर सके। उक्त जानकारी पत्रकार परिषद के माध्यम से दी गई है।

# महात्मा गांधी विद्यालय अंबरनाथ के प्राक्तन छात्रों ने आपसी सहयोग से मिलकर विद्यालय में डिजिटल बोर्ड लगाए

## विद्यार्थियों और शिक्षकों से अपील है कि वे उत्कृष्ट शिक्षा के आदान-प्रदान से विद्यालय, परिवार और देश का नाम रौशन करें - सुनील कुलकर्णी







भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.महात्मा गांधी विद्यालय के एसएससी 1975 बैच के प्राक्तन छात्रों ने आपसी सहयोग से मिलकर शनिवार 22 मार्च को विद्यालय में चार डिजिटल बोर्ड लगवाए। इस बैच के छात्रों ने अपने सहपाठी छात्र सुनील कुलकर्णी जो वर्तमान में शापुरजी पालन जी पंडाल टकोली हाईवे इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उपप्रबंध निदेशक है और इस कंपनी में डिजिटल बोर्ड निर्मित होते हैं का सहयोग लेकर महात्मा गांधी विद्यालय में चार डिजिटल बोर्ड और स्पाइडरनेट लगवाया। उल्लेखनीय ये भी है कि इन डिजिटल बोर्डों का उद्घाटन भी कंपनी के उपप्रबंध निदेशक सुनील कुलकर्णी और कंपनी के सीएसआर प्रमुख शीतल अरोरा ने किया। इस अवसर पर पूर्व छात्रा वंदना वैद्य, उमेश तायडे, दिलीप दलाल, गिरीश त्रिवेदी, राजन कार्णिक, प्रो.भगवान चक्रदेव, दिलीप साठे, गोपाल दामले, पंकज भालेराव, दिलीप कणसे, माधुरी जाधव सहित पुराने छात्र एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र सुनील कुलकर्णी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते नवाचारों ने परंपरागत शिक्षा के स्वरूप को बदल के रख दिया है। हमारे महात्मा गांधी विद्यालय के छात्र भी डिजिटल बोर्ड से शिक्षा ग्रहण कर अच्छी से अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपना, अपने विद्यालय का और देश का नाम रौशन करे यही हम सबकी मनोकामना है। डिजिटल बोर्ड से शिक्षा प्रदान करने में छात्र विशेष रुचि लेते हैं उन्हें गतिशील अनुभव मिलता है। छात्रों की सहभागिता बढ़ती और वे विषय सामग्री से जुड़ाव महसूस करते है। सीखने की एक विस्तृत श्रृंखला एक मंच पर ही उपलब्ध होती है। समय, लागत और पर्यावरण हितैषी भी होती है। उक्त डिजिटल बोर्ड उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ.अजीत गोडबोले और आभार प्रदर्शन विद्यालय के मुख्याध्यापक संतोष भणगे और मंच संचालन शिल्पा शेलके ने किया।

# वालीबाल प्रतियोगिता में तरौल जीता फाइनल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ (उप्र) मान्धाता विकास खंड के तरौल गांव में वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि ए बी एस कान्वेंट स्कूल के प्रबन्धक अमर सिंह, विशिष्ट अतिथि कमलेश कुमार यादव रहे। जिसकी शुरूआत सराय आनादेव तथा बासूराजा के बीच हुआ। जिसमें बासूराजा की टीम विजयी रही। कुल 21 टीमों ने भाग लिया। फाइनल प्रतियोगिता मलखान पुर और तरौल के बीच खेला गया। तरौल की टीम 21 अंक से विजयी हुई। उप विजेता मलखान पुर को 15 अंक के साथ सन्तोष करना पड़ा। समाजसेवी प्रदीप पाल ने वालीबाल प्रतियोगिता के शानदार आयोजन पर जयदीप यादव और उनकी टीम का अभिनंदन करते हुए कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की परख रखने वाली यह टीम है जो जयदीप यादव के साथ युवा वर्ग को प्रोत्साहित कर रही है, प्रधान प्रतिनिधि कमलेश यादव ने कहा कि युवा वर्ग को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की जरूरत है हमारे क्षेत्र के युवा क्रीड़ा क्षेत्र में बहुत तेजी से उभर रहे हैं, कमलेश यादव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हमारे क्षेत्र के युवा सहभागिता करे और हम यथासंभव सहयोग के लिए तैयार रहते हैं। तरौल में वालीबाल प्रतियोगिता का शानदार आयोजन करने वाले युवा समाजसेवी जयदीप यादव ने सभी मेहमानों और खिलाड़ी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग और साथ ने प्रतियोगिता को सफल बनाया आप सभी की मेहनत हम आप सभी का आभार व्यक्त करते हैं। स्कोरर प्रिंस कुमार तथा रिफरी प्रसून शुक्ल, नगेन्द्र सरोज रहे। इस कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि राहुल यादव, युवा समाजसेवी प्रदीप पाल, प्रदीप यादव, आजाद यादव, सुनील पटेल, प्रदीप पाल, विमल कुमार, मिथलेश यादव, सबीहुद्दीन, विश्वंभर नाथ आदि मौजूद रहे। तरौल क्षेत्र में इस वालीबाल प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर युवा वर्ग में जोरदार उत्साह देखा गया भारी संख्या में दूर दराज से इस प्रतियोगिता को देखने के लिए लोग आए थे।

# नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में ठाणे जिले को सफलता





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे (युनिस खान) छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार के माध्यम से प्रत्येक जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय शुरू किए गए हैं। इस विद्यालय में चयनित छात्र सी. ई पैटर्न की तर्ज पर 12वीं तक बी.एस.सी. की निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। तो, ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में छात्रों के लिए 30 सीटों में से, शाहपुर तालुका से 21 पात्र छात्र, मुरबाड तालुका से 01 पात्र छात्र, भिवंडी तालुका से 01 पात्र छात्र का चयन किया गया है। यह खुशी की बात है कि नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 30 में से 23 सीटों पर शाहपुर तालुक से 21 छात्रों का चयन हुआ। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने इन सभी विद्यार्थियों को भविष्य में प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी हैं। नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिए ठाणे और पालघर जिले के लिए कुल 80 सीटें हैं। इनमें से 60 सीटें ग्रामीण इलाकों के लिए और 20 सीटें शहरी इलाकों के लिए हैं। इसमें ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 30 सीटें और शहरी क्षेत्रों के लिए 10 सीटें आरक्षित हैं। पूरे ठाणे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की 30 सीटों में से 23 योग्य छात्रों का चयन किया गया है। शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) बालासाहब रक्षे ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों, मार्गदर्शक शिक्षकों, प्राचार्यों, विस्तार अधिकारी (शिक्षा), समूह अनुशासन अधिकारियों को शिक्षा विभाग की ओर से बधाई दी है।

# अंबरनाथ शहर भाजपा के सौजन्य से पंडित दीनदयाल रोजगार मेले का भव्य आयोजन।

- रोजगार मेले के आयोजक- भाजपा नेता पूर्व नगराध्यक्ष गुलाबराव करुंजले पाटिल।
- आयोजन स्थल और समय- शनिवार 29 मार्च प्रातः 11 बजे से महात्मा गांधी विद्यालय।





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ.शहर के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार प्रदान करने के लिए भारतीय जनता पार्टी अंबरनाथ शहर इकाई के सौजन्य से पंडित दीनदयाल रोजगार मेले का भव्य आयोजन शनिवार 29 मार्च को प्रातः 11 बजे से अंबरनाथ पश्चिम स्थित महात्मा गांधी विद्यालय के भगवान चक्रदेव सभागार में करने जा रही है। यह रोजगार मेला देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्किल इंडिया अभियान के तहत कौशल भारत कुशल भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले का आयोजन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रेरणा से, महाराष्ट्र भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण के दिशानिर्देशन में, अंबरनाथ शहर भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगराध्यक्ष गुलाबराव करुंजले पाटिल के कुशल मार्गदर्शन में, अभिजीत गुलाबराव करुंजले पाटिल और विश्वजीत गुलाबराव करुंजले पाटिल के सक्रिय सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में योग्य उच्च शिक्षित, अल्प शिक्षित, प्रशिक्षित नवयुवकों नवयुवतियों को बीपीओ, बैंकिंग और वित्त, रिटेल, राइडर्स, पिकर एंड पेकर, एफ.एम.सी.जी. रियल स्टेट, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी आदि क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध करवाए जाएंगे।

# आवारा गोवंश से परेशान किसान

## फसल हो रही बर्बाद, आर्थिक कर्ज में डूब रहे लोग, आंदोलन की दी चेतावनी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा में किसानों ने छुट्टा गोवंश की समस्या को लेकर महापंचायत का आयोजन किया। रामलीला मैदान में आयोजित इस महापंचायत में भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित और राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार यादव मौजूद रहे। प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि छुट्टा गोवंश किसानों की सबसे बड़ी समस्या बन गया है। यह फसलों को मिनटों में नष्ट कर देता है। इससे किसान आर्थिक कर्ज में डूबते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार इस समस्या के समाधान में पूरी तरह विफल रही है। संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 9 अप्रैल को तिलहर के चीनी मिल मैदान पर किसान समीक्षा पंचायत की जाएगी। वहां आगे की रणनीति तय की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित ने गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गोवंश से होने वाले नुकसान और हादसों से किसानों का खेती से मोहभंग हो सकता है। इससे देश में खाद्यान्न संकट पैदा हो सकता है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही प्रदेश में किसान क्रांति यात्रा निकाली जाएगी। किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। उन्होंने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## शाहजहांपुर पुलिस ने सुगसुगी मोड़ से दबोचा, नवंबर से था फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। जनपदीय स्वाट टीम, सर्विलांस सेल और थाना अल्हागंज पुलिस की संयुक्त टीम ने 25 हजार के इनामी बदमाश गोधन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। गोधन यादव उर्फ प्रांशु यादव पिछले साल नवंबर से फरार चल रहा था। मामला 1 नवंबर 2023 को थाना अल्हागंज क्षेत्र का है। ग्राम दहेना निवासी रामदेव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में कुल 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। आरोपियों में विक्रम यादव, बुधपाल यादव, इनाम सिंह, रवि यादव, राहुल यादव और गोधन यादव शामिल थे। पुलिस अधीक्षक ने गोधन यादव की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सुगसुगी मोड़ पर मौजूद है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# महाराणा सांगा पर विवादित बयान का विरोध



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, भारतीय बजरंग दल ने सपा के राज्यसभा सांसद रामलाल सुमन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने गुरुवार सुबह 11 बजे काकोरी शहीद इंटर कॉलेज के मैदान में एकत्र होकर विरोध मार्च निकाला। बजरंग दल के प्रदेश महामंत्री मुनिराज सिंह और जिला अध्यक्ष सचिन पांडेय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नारेबाजी के साथ शव यात्रा निकाली। मुख्य चौराहे पर पहुंचकर सांसद का पुतला दहन किया गया। मुनिराज सिंह ने कहा कि सांसद रामलाल सुमन ने महाराणा सांगा पर की गई टिप्पणी से पूरे हिंदू समाज और राष्ट्र का अपमान किया है। उन्होंने मांग की कि सुमन को राज्यसभा से बर्खास्त किया जाए और उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाए। उनका कहना था कि इससे भविष्य में कोई राष्ट्र की धरोहर और महापुरुषों का अपमान नहीं करेगा। विरोध प्रदर्शन में राहुल सिंह सिकंदरपुर, अरुण कुमार सिंह, राकेश श्रीवास्तव, पूर्व बार अध्यक्ष सतेंद्र तिवारी, निर्भय सिंह, विपिन सिंह, अजय सिंह चंदेल, रंजीत सिंह, अभिषेक वर्मा और अमित दीक्षित समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिकी सीनेट में हूती हमले की चैट लीक पर सुनवाई

## मंत्री बोले- सीक्रेट जानकारी नहीं थी; ट्रम्प ने कहा था- 2 महीने में पहली गलती

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी सीनेट में बुधवार को हूती विद्रोहियों पर हमले से जुड़ी जानकारी की चैट लीक होने को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान नेशनल इंटेलिजेंस की डायरेक्टर तुलसी गबार्ड ने कहा कि ग्रुप चैट में कोई भी गोपनीय जानकारी शेयर नहीं की गई थी। ट्रम्प के मंत्रियों ने कहा कि सैन्य हमले की चर्चा के लिए मैसेजिंग ऐप का इस्तेमाल करना कोई गलत बात नहीं थी। इससे पहले ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि उनके प्रशासन से 2 महीने में यह पहली गलती थी। रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने प्लान को सिग्नल ऐप पर एक सीक्रेट ग्रुप चैट में शेयर किया था। इस ग्रुप में द अटलांटिक मैगजीन के मुख्य संपादक जैफ्री गोल्डबर्ग भी जुड़े हुए थे।

इसे लेकर डेमोक्रेटिक सांसदों ने डेमोक्रेटिक सांसदों ने हेगसेथ की इस्तीफे की मांग की है।



### अटलांटिक के पत्रकार को 2 घंटे पहले प्लान पता चला

रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने 15 मार्च को यमन में हूती विद्रोहियों पर हमले के प्लान को 2 घंटे पहले ग्रुप में शेयर किया था। व्हाइट हाउस ने 24 मार्च को इसकी जानकारी दी। जेफ्री गोल्डबर्ग ने बताया कि उन्हें गलती से इस ग्रुप चैट में जोड़ दिया गया था।

यह ग्रुप सिक्योर मैसेजिंग ऐप सिग्नल पर बनाया गया था। जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज ने बनाया था। इस ग्रुप में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी शामिल थे।

गोल्डबर्ग ने लिखा कि 15 मार्च को सुबह 11:44 बजे हेगसेथ ने यमन पर होने वाले हमलों की जानकारी शेयर की थी।

इसमें टारगेट्स और इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों के अलावा कौन-सा हमला कब और कहां किया जाना है, इसकी जानकारी भी थी। इस सिग्नल चैट का नाम हूती पीसी स्मॉल ग्रुप था। इसमें हमले के समय और उसकी रणनीति से जुड़ी जानकारियां थीं। 15 मार्च को सुबह 11 बजकर 44 मिनट पर हेगसेथ ने एक मैसेज भेजकर मिशन का रियल-टाइम अपडेट दिया।

उन्होंने लिखा कि मौसम अनुकूल है और सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की है कि ऑपरेशन आगे बढ़ रहा है। इसके बाद उन्होंने ऋ-18 लड़ाकू विमानों और टद-9 ड्रोन के लॉन्चिंग टाइम और हमलों की टाइमलाइन शेयर की। मैसेज के मुताबिक पहला बम दोपहर 2:15 बजे गिराया जाना था। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट के मुताबिक चैट में कोई गोपनीय जानकारी नहीं थी। हालांकि लीविट ने कहा कि चैट के लीक होने पर सरकार को आपत्ति हैं। व्हाइट हाउस ने अभी तक किसी भी तरह की कार्रवाई की बात नहीं कही है। लेकिन इंटरनल जांच शुरू कर दी है।

एनवाईटी ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि रक्षा विभाग ने कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि रूस सिग्नल ऐप को हैक करने की कोशिश कर रहा है।

# राष्ट्रपति पुतिन इस साल भारत आएंगे

## यूक्रेन वॉर के बाद पहली भारत यात्रा; रूसी विदेश मंत्री बोले- तैयारियां की जा रहीं

एजेंसी

नई दिल्ली, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल भारत आएंगे। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि राष्ट्रपति के विजिट के लिए तैयारियां की जा रही हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह यात्रा किस महीने या तारीख को हो सकती है। लावरोव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद रूस की अपनी पहली विदेश यात्रा की है। अब हमारी बारी है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री ने यह बयान 'रूस और भारतः एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर' समिट के दौरान दिया है। इस बैठक का आयोजन रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) ने किया। आखिरी बार 2021 में भारत आए थे पुतिन रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसंबर 2021 में भारत की यात्रा की थी। वह सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डॉलर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपए) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था। फरवरी 2022 में यूक्रेन वॉर शुरू होने पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। इस विजिट से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए नए आर्थिक रोडमैप को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। भारत और रूस अपने बाइलेट्रल ट्रेड को दोगुना करके सालाना 100 अरब डॉलर से ज्यादा करने पर सहमत हुए हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब 60 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार है। 2024 में दो बार रूस गए थे मोदी पीएम मोदी ने साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। वे बीआरआईसीएस समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद दूसरे देशों की यात्रा से बच रहे पुतिन मार्च 2023 में आईसीसी ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। कोर्ट ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर पुतिन को वॉर क्राइम्स के लिए जिम्मेदार माना था। यह पहला मौका था जब आईसीसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के किसी स्थायी सदस्य देश के टॉप लीडर के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था।



# मोदी से हाथ मिलाया तो कनाडाई सांसद का टिकट कटा

## चंद्र आर्य से नाराज थी ट्रूडो की पार्टी, पिछले साल भारत दौरे पर आए थे

एजेंसी

ओटावा, कनाडा की लिबरल पार्टी ने भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य को पार्टी लीडरशिप की दावेदारी से बाहर कर दिया है। इसके साथ ही नेपियन से भी उनका टिकट काट दिया है। यह फैसला उन पर भारत सरकार से करीबी संबंध रखने के आरोपों के बीच आया है। चंद्र पिछले साल भारत दौरे पर आए थे और पीएम मोदी से मिले थे। हालांकि, कनाडा सरकार और लिबरल पार्टी ने चंद्र आर्य के चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की कोई वजह नहीं बताई है। भारत आने से पहले पार्टी को नहीं दी जानकारी द ग्लोब एंड मेल ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चंद्र आर्य ने इस दौरे के बारे में कनाडा की सरकार को सूचित नहीं किया था, जबकि उस समय भारत और कनाडा के संबंध बेहद तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे थे। सूत्रों के मुताबिक कनाडियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस (सीएसआईएस) ने भारत सरकार के साथ आर्य के कथित करीबी संबंधों को लेकर कनाडा सरकार को जानकारी दी थी। चंद्र आर्य ने 22 जून 2024 को कनाडा की संसद में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की याद में मौन रखने पर ट्रूडो सरकार की आलोचना भी की थी। इस बीच भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने कहा, मेरा टिकट भारत से करीबी संबंध रखने की वजह से नहीं कटा।



एक सांसद होने के नाते मैं कई राजनयिकों और राष्ट्र प्रमुखों से मिलता रहता हूं। ऐसी किसी भी मुलाकात के लिए उन्होंने सरकार से कभी भी अनुमति नहीं ली। आर्य ने कहा कि लिबरल पार्टी की लीडरशिप और नेपियन से उनका हटाए जाने की वजह उनका खालिस्तानी आंदोलन का लगातार विरोध करना है। आर्य कनाडा में खालिस्तानी तत्वों के खिलाफ लगातार आवाज उठाते रहे हैं। आर्य ने कनाडा में खालिस्तानी तत्वों के खिलाफ जोरदार तरीके से आवाज उठाई है। आर्य की आलोचना से चिढ़े खालिस्तानी समूहों ने अतीत में उन्हें निशाना बनाया है। अक्टूबर में अमेरिका स्थित खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से आर्य के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। चंद्र पहले जस्टिन ट्रूडो के करीबी माने जाते थे, लेकिन खालिस्तानी आतंकवाद और चरमपंथ को लेकर ट्रूडो के रुख के बाद आर्य उनके धुर विरोधी बन गए। इससे पहले चंद्र आर्य ने 9 जनवरी को अपनी उम्मीदवारी का ऐलान किया था। लेकिन तब भी पार्टी ने उनकी उम्मीदवारी कैंसिल कर दी थी। पार्टी ने इन्हें इसके लिए 'अयोग्य' बताया था। 2006 में कर्नाटक से कनाडा गए चंद्र आर्य मूल रूप से कर्नाटक के तुमकुरु के सिरा तालुक के निवासी हैं। वे 2006 में कनाडा जाकर बस गए थे। आर्य ने धारवाड़ के कौसली इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से एमबीए किया है। कनाडा पहुंचने के बाद उन्होंने ओटावा में निवेश सलाहकार के रूप में काम शुरू किया और बाद में एक रक्षा कंपनी में छह साल तक कार्यकारी के रूप में कार्य किया। राजनीति में आने से पहले वे इंडो-कनाडा ओटावा बिजनेस चैंबर के अध्यक्ष रहे।

# ट्रम्प के फैसले से टाटा मोटर्स का शेयर 6% गिरा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने विदेशी कारों पर 25% टैरिफ लगाया, इससे जगुआर लैंड रोवर को नुकसान

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को विदेशों से आयात होने वाली कारों पर 25% टैरिफ लगाने की घोषणा की। ट्रम्प के इस फैसले से भारतीय कंपनी टाटा मोटर्स के शेयरों में लगभग 6% तक की गिरावट आई है। इसके अलावा अमेरिकी ऑटोमोबाइल कंपनी जनरल मोटर्स के शेयर में बुधवार को 3% की गिरावट हुई। वहीं जीप और क्रिसलर की मालिक कंपनी स्टेलांटिस के शेयर भी लगभग 3.6% गिर गए। टाटा मोटर्स के मालिकाना हक वाली जगुआर लैंड रोवर पर ट्रम्प के 25% टैरिफ का सीधा असर होगा। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024 में दुनियाभर में 4 लाख कारें बेची थीं। इनमें से 22% यानी लगभग 88 हजार अमेरिका में बेचीं। कंपनी अपनी कारों की मैन्युफैक्चरिंग मुख्य तौर पर ब्रिटेन में करती है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने ट्रम्प के टैरिफ लगाने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह हम पर एक सीधा हमला है, हम अपने वर्कर्स और कंपनियों की रक्षा करेंगे। ट्रम्प का तर्क है कि इस फैसले से अमेरिका में नए कारखाने खुलेंगे। कनाडा और मेक्सिको में बनने वाले अलग-अलग ऑटो पार्ट्स और तैयार वाहन, अब अमेरिका में ही बन पाएंगे। ट्रम्प ने कहा है कि उनका ये फैसला स्थायी है। ट्रम्प का दावा है कि इससे अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा। व्हाइट हाउस को उम्मीद है कि इससे राजस्व में सालाना 100 अरब डॉलर की बढ़ोतरी होगी। इसे 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा।




रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका में नई कारों की औसत कीमत पहले से ही लगभग 49,000 अमेरिकी डॉलर (42 लाख रुपए) है। अगर नए टैरिफ लागू होते हैं उनका भार ग्राहकों पर डाल दिया जाता है तो इससे आयात होने वाली कारों की कीमत 12,500 डॉलर (10 लाख रुपए) बढ़ सकती है न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस टैरिफ से वाहन निमार्ताओं की लागत बढ़ सकती है और बिक्री में गिरावट आ सकती है।

# जम्मू-कश्मीरः कठुआ में दिखे आतंकवादी, गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल, मठभेड़ जारी



**जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की. इसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई. गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं.**

एजेंसी

कठुआः जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में कुछ आतंकवादियों के देखे जाने के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी. इसके बाद आतंकवादियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन चलाया गया. इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग की, फिर मुठभेड़ शुरू हो गई. अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए. जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.कठुआ उप-जिला अस्पताल के एक डॉक्टर ने ईटीवी भारत को बताया कि घायल पुलिसकर्मियों में से एक के चेहरे पर छर्रे या गोली लगी है. डॉक्टर ने कहा, ₹उसकी हालत स्थिर है, हालांकि उसके चेहरे पर गोली या छर्रे लगे हैं. चोट उसके चेहरे की धमनी के पास है. हमें इस मामले में कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जन की मदद की आवश्यकता होगी, इसलिए हम उसे जीएमसी कठुआ रेफर कर रहे हैं.₹बता दें, कठुआ जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी पता लगने के बाद से पिछले चार दिनों से बड़े स्तर पर सर्च अभियान चल रहा है. ताजा मुठभेड़ गुरुवार सुबह तब शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने राजबाग के घाटी जुथाना इलाके में जाखोले गांव के पास आतंकवादियों को देखा. यह इलाका हीरानगर सेक्टर में रविवार को हुई मुठभेड़ के स्थल से करीब 30 किलोमीटर दूर है.अधिकारियों ने बताया कि मौके पर अतिरिक्त बल भेजा गया है और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक मुठभेड़ जारी थी.माना जा रहा है कि रविवार शाम को हीरानगर सेक्टर में आधे घंटे से अधिक समय तक चली मुठभेड़ के बाद जो आतंकवादी भाग निकले थे, उन्ही को सुरक्षा बलों ने जुथाना में घेर लिया है.अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास दिखे थे आतंकवादीपुलिस के एक विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सान्याल गांव में एक बाड़े के अंदर आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था. जिसमें पुलिस, सेना, एनएसजी, बीएसएफ और सीआरपीएफ के साथ तकनीकी और निगरानी उपकरणों से लैस और हेलीकॉप्टर, यूएवी, ड्रोन, बुलेटप्रूफ वाहनों और खोजी कुत्तों की मदद ली जा रही है, ताकि आतंकवादियों का पता लगाया जा सके.

# गौशाला बनाने वालों को दुर्गंध पसंद...

## अखिलेश के बयान पर गरमाई राजनीति, भाजपा बोली- यह सनातन का अपमान

**भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा कि गाय पालने वाले परिवार में जन्म लेने के बाद भी अखिलेश यादव को गौशालाओं से दुर्गंध आ रही है। मुलायम सिंह यादव का कोई इत्र का कारोबार नहीं था। वह खुद गौपालक थे।**

एजेंसी

समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गौशालाओं पर ध्यान देने की तुलना अपनी पार्टी के परफ्यूम पार्कों पर जोर देने से करके राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को दुर्गंध पसंद है क्योंकि वह गौशालाएँ बनाती है, जबकि सपा को सुगंध पसंद है, इसलिए उसने परफ्यूम पार्क विकसित किए हैं। उनके इस बयान की भाजपा ने तीखी आलोचना की है और उन पर हिंदू मान्यताओं का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कहा कि गाय पालने वाले परिवार में जन्म लेने के बाद भी अखिलेश यादव को गौशालाओं से दुर्गंध आ रही है। मुलायम सिंह यादव का कोई इत्र का कारोबार नहीं था। वह खुद गौपालक थे। अखिलेश यादव ने जिस तरह से गौशालाओं से दुर्गंध आने की बात कही है, वह उनके परिवार के खिलाफ देशद्रोह है। उनका परिवार उन्हें माफ नहीं करेगा। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि समाजवादी पार्टी, जो अब वोट बैंक के लिए 'समर्पितवादी पार्टी' बन गई है, लगातार हिंदू-सनातन संस्कृति का अपमान कर रही है। यह उनकी मानक संचालन प्रक्रिया बन गई है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी भी गायों को बचाने की वकालत करते थे, क्या वह भी गलत थे? समाजवादी पार्टी को माफी मांगनी चाहिए। पहले उन्होंने राणा सांगा पर टिप्पणी करके देश के राष्ट्रवादियों का अपमान किया और अब वे हिंदू सनातन संस्कृति के अनुयायियों का अपमान कर रहे हैं। भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि इससे गायों और सनातन के प्रति उनकी नफरत का पता चलता है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि एक तरफ अखिलेश यादव को गायों में दुर्गंध दिखती है, दूसरी तरफ राहुल गांधी के साथी कांग्रेस विधायक को दूसरे धर्मों पर खुलेआम हमला करने वाले संतों में बैल दिखते हैं... अगर आप भारत में रहकर सनातन का विरोध करते हैं, तो आपको भारत में राजनीति करना बंद कर देना चाहिए।



# यशवंत वर्मा का ट्रांसफर नहीं, सीजेआई खन्ना का बार एसोसिएशंस को आश्वासन, कहा- तबादले की मांग पर करेंगे विचार

**दिल्ली पुलिस ने तुगलक रोड थाने के एसएचओ समेत अपने आठ अफसरों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। एसएचओ उमेश मलिक, जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रूप चंद, सब इंस्पेक्टर (एसआई) रजनीश और मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे दो पुलिसकर्मियों और तीन अन्य पीसीआर कर्मियों के फोन विभाग ने जब्त कर लिए हैं।**

एजेंसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने बार एसोसिएशनों को आश्वासन दिया कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के तबादले को वापस लेने की उनकी मांग पर विचार किया जाएगा, जिनके आवास से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी। यह घटनाक्रम गुरुवार को छह बार एसोसिएशनों के अध्यक्षों द्वारा सीजेआई से मुलाकात के बाद हुआ। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा कैश विवाद में हाल ही में दिल्ली पुलिस ने तुगलक रोड थाने के एसएचओ समेत अपने आठ अफसरों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। एसएचओ उमेश मलिक, जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल रूप चंद, सब इंस्पेक्टर (एसआई) रजनीश और मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे दो पुलिसकर्मियों और तीन अन्य पीसीआर कर्मियों के फोन विभाग ने जब्त कर लिए हैं।



# वक्फ बिल के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने पारित किया प्रस्ताव

## स्टालिन बोले- मुस्लिमों की भावनाएं आहत हो रही

**स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ विधेयक में संशोधन करने की कोशिश कर रही है, जिससे वक्फ बोर्ड की शक्तियों में बाधा आएगी। इससे मुस्लिमों की भावनाएं आहत हो रही हैं और केंद्र सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है।**

एजेंसी

तमिलनाडु विधानसभा ने गुरुवार 27 मार्च को केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 का विरोध करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि यह विधेयक मुसलमानों को बुरी तरह प्रभावित करेगा। स्टालिन ने कहा कि केंद्र सरकार वक्फ विधेयक में संशोधन करने की कोशिश कर रही है, जिससे वक्फ बोर्ड की शक्तियों में बाधा आएगी। इससे मुस्लिमों की भावनाएं आहत हो रही हैं और केंद्र सरकार को इसकी कोई परवाह नहीं है।समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार प्रस्ताव में कहा गया है कि भारत में लोग धार्मिक सद्भावना के साथ रह रहे हैं और संविधान ने सभी लोगों को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार दिया है। इसमें कहा गया है, ₹चुनी हुई सरकारों को इसकी रक्षा करने का अधिकार है। विधानसभा सर्वसम्मति से इस बात पर जोर देती है कि केंद्र सरकार को वक्फ अधिनियम 1995 के लिए वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को वापस लेना चाहिए, जो अल्पसंख्यक मुसलमानों को बुरी तरह प्रभावित करेगा।प्रस्ताव का विरोध करते हुए भाजपा विधायक वनथी श्रीनिवासन ने कहा, ₹किसी भी निर्वाचित सरकार के पास कोई भी संशोधन लाने का अधिकार है। केंद्र सरकार के पास संशोधन लाने का अधिकार है। हमने प्रस्ताव का विरोध किया और विधानसभा से वॉकआउट कर दिया।₹ इस बीच, एआईएडीएमके के राष्ट्रीय प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा, ₹ऐसा लगता है कि डीएमके धर्म, भाषा के आधार पर एक नैरेटिव सेट करने की जल्दी में है। उन्होंने कहा कि जिन पार्टियों के सदस्य जेपीसी में हैं, वे न्यायपालिका में वक्फ को चुनौती क्यों नहीं दे रहे हैं?



## संक्षेप

### दहेज के लिए पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर किया सार्वजनिक

#### सुल्तानपुर में पति ने नशीला पदार्थ खिलाकर की वारदात, तहरीर

सुलतानपुर, दहेज के लिए एक महिला के साथ उसके पति और ससुराल वालों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। पीड़िता की शादी 21 मई 2021 को शुभम मिश्रा से हुई थी। शादी में पीड़िता के परिवार ने एक लाख रुपये नकद और डेढ़ लाख रुपये की बाइक दी थी। पीड़िता ने बताया कि शादी के एक महीने बाद से ही उसका पति शराब पीकर गालियां देने लगा। उसने पांच लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग की। पैसे नहीं लाने पर लखनऊ में नहीं रहने देने की धमकी दी। ससुर राजेश मिश्रा, सास सुशीला देवी और चचिया ससुर बृजेश मिश्रा ने भी पैसों की मांग का समर्थन किया। मामला यहीं नहीं रुका। पति ने पीड़िता की कई अश्लील वीडियो बना लीं। एक दिन उसे नशीला पदार्थ पिला दिया और सोते समय नशे का इंजेक्शन लगाया। जब पीड़िता जागी तो उसका हाथ कटा हुआ था। पति ने पीड़िता की अश्लील वीडियो इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर वायरल कर दीं। 4 जनवरी 2025 को पति और उसके परिवार ने पीड़िता की पिटाई की। बेहोश अवस्था में उसे एक गाड़ी में डालकर घर से चार किलोमीटर दूर बाईपास पर छोड़ दिया। किसी तरह वह अपने घर पहुंची और उसका इलाज हुआ। पीड़िता ने कोतवाली देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उसका कहना है कि उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किया जा रहा है। उसने न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### 3 लड़कियां अगवा

#### बहला-फुसलाकर ले गए आरोपी, परिजनों की तहरीर पर पुलिस कर रही तलाश

सुलतानपुर, तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से लड़कियों के अपहरण के मामले सामने आए हैं। गोसाईंगंज, कादीपुर और कोतवाली नगर में यह घटनाएं हुई हैं। गोसाईंगंज में 18 मार्च को सुबह 5 बजे एक 17 वर्षीय लड़की का अपहरण हुआ। गांव का प्रिंस और उसका साथी रोहित लड़की को बहला-फुसलाकर ले गए। परिजनों की खोजबीन के बाद भी लड़की का कोई सुराग नहीं मिला। एसओ अखिलेश सिंह ने बताया कि बुधवार रात केस दर्जकर जांच की जा रही है। कादीपुर में 24 मार्च को सुबह 3 बजे 19 वर्षीय युवती का अपहरण किया गया। मालापुर चंदौली के सुनील दत्त उपाध्याय उर्फ गोलू और उसके दो साथी स्कॉर्पियो गाड़ी से आए। पीड़िता के पिता के विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। कोतवाली प्रभारी अशोक सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। कोतवाली नगर में 25 मार्च को शाम 7 बजे 14 वर्षीय लड़की का अपहरण हुआ। धम्मौर थाना क्षेत्र के बाबू का पुरवा निवासी मोहम्मद सलीम पुत्र मोहम्मद मक्कू आरोपी है। पिता को आशंका है कि आरोपी उनकी बेटी को बेच सकता है या उसकी हत्या कर सकता है। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वेंटिलेटर पर मरीज की मौत, तोड़फोड़-हंगामा

## महिला का सिर फोड़ा, परिजन बोले- मरने के बाद बढ़ाते रहे बिल; स्टाफ हॉस्पिटल छोड़कर भागा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, नैनी इलाके में एक प्राइवेट अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। आरोप है कि अरैल मोड़ के पास प्राइवेट हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने एक शख्स की मौत के बाद भी उसे वेंटिलेटर पर रखा और लगातार रुपये की मांग करते रहे। मरीज वेंटिलेटर पर मृत अवस्था में था, तब भी अस्पताल के कर्मचारी 40 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। परिजनों को शव भी नहीं ले जाने दे रहे थे। इसे लेकर विवाद हुआ तो मरीज के परिजनों और अस्पताल कर्मियों में मारपीट होने लगी। आरोप है कि अस्पताल के वार्ड बॉय ने परिसर में रखे गमले से महिला का सिर फोड़ दिया। 12 बजे के आस-पास अस्पताल में मारपीट और हंगामे से अफरातफरी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मारपीट करने वालों पर कार्रवाई नहीं की गई। बल्कि परिजनों को समझाया कि शव ले जाकर अंतिम संस्कार कर दो। मृतक के बेटे आनंद ने नैनी कोतवाली में तहरीर दी है। करछना के महोरी रीवा के रहने वाले सुनील कुमार पीआरडी में जवान थे। उनकी तैनाती राजापुर विद्युत विभाग के चीफ इंजीनियर के बंगले पर थी। सुनील के पिता चौबे लाल भारतीय की आज सुबह तबीयत बिगड़ी तो उन्हें नैनी के प्राइवेट हॉस्पिटल लाया गया। चौबे लाल के बेटे आनंद बोला- जब हम पापा को मंथन हॉस्पिटल लाए थे, तब यहां डॉक्टर ने कहा था कि सांस नहीं है। वेटिंलेटर पर रखने से सांस आ जाएगी। इसके बाद अस्पताल में भर्ती करके उन्हें वेंटिलेटर पर डाल दिया। जब हमने अंदर जाकर देखा तो पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। फिर भी कर्मचारी मानने को तैयार नहीं थे। जब शव को ले जाने के लिए हमने डॉक्टरों से बात की, तो डॉक्टरों ने कहा कि अभी होश आ जाएगा। इस पर हमने डॉक्टर से जांच बगैरह करने को कहा। लेकिन डॉक्टर कुछ कर भी नहीं रहे थे। सिर्फ पैसे जमा करने की रट लगाए हुए थे। इसके बाद हॉस्पिटल कर्मियों से हमारी बहसबाजी हो गई। इस बीच कुछ कर्मी हमारी महिलाओं से बदतमीजी करने लगे। जिसके चलते बात मारपीट तक पहुंच गई। तभी एक कर्मचारी ने परिवार की एक महिला के सिर पर गमला उठाकर मार दिया। जिससे उनका सिर फट गया। उनके सिर से लगातार खून बह रहा था, लेकिन उन्हें भी कोई प्राथमिक उपचार नहीं दिया गया। फिलहाल इस समय अस्पताल से डॉक्टर और मारपीट करने वाले कर्मचारी भाग गए। इस मामले पर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं। नैनी इंस्पेक्टर वैभव सिंह का कहना है कि शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। मामला की जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद बात ही कुछ कहा जा सकता है।

# एचओडी को पीटने वाले प्रो. पराग के निलंबन की मांग

## एबीवीपी ने विश्वविद्यालय प्रशासन से की मांग, एचओडी को पिटाई के बाद छात्रों में नाराजगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुशील कुमार शर्मा पर विभाग के ही एसोसिएट प्रोफेसर कुमार पराग द्वारा हमला किया गया, जिससे प्रो. शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद अब छात्र संगठनों भी प्रोफेसर सुशील कुमार शर्मा के समर्थन में उतर गए हैं। कुमार पराग के निलंबन की मांग की जा रही है। एबीवीपी के पदाधिकारियों ने चीफ प्रॉक्टर को भी ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि प्रो. सुशील कुमार शर्मा ने 35 वर्षों से अधिक समय तक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में निःस्वार्थ सेवा दी है, उनके विरुद्ध ऐसी कोई घटना पूर्व में कभी नहीं घटी है। दूसरी ओर, एसोसिएट प्रोफेसर कुमार पराग के खिलाफ पूर्व में भी छात्रों और शिक्षकों की कई शिकायतें आ चुकी हैं। उन्होंने कक्षाओं में विद्यार्थियों के साथ अनुचित व्यवहार किया है और उनकी प्रवृत्ति किसी आपराधिक तत्व जैसी प्रतीत होती है। इसके अलावा, उन्होंने पूर्व में भी छात्रों को उकसाकर प्रो. शर्मा और अन्य विभागीय शिक्षकों पर अभद्र टिप्पणियां करवाई हैं। एबीवीपी के पदाधिकारियों ने कहा, प्रो. शर्मा पर इस तरह के हमले से न केवल विश्वविद्यालय की गरिमा को गहरी क्षति पहुंची है, बल्कि आम जनमानस के बीच भी विश्वविद्यालय की गरिमा पर गलत संदेश गया है, जिससे भविष्य में ऐसे घटनाओं की पुनरावृत्ति की आशंका बढ़ गई है। समस्त शिक्षक समुदाय और विद्यार्थी प्रो. सुशील कुमार शर्मा के समर्थन में हैं और मांग करते हैं कि एसोसिएट प्रोफेसर कुमार पराग को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए एवं सभी पदों से मुक्त किया जाए और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता हरिओम त्रिपाठी ने विजिटर नॉमिनी को पत्र भेजा है।

उन्होंने लिखा है, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बीते सोमवार जो हुआ वो इतिहास की सबसे दुःखद घटनाओं में से एक है।

# गौशालाओं को लेकर सियासत तेज

- स्वास्थ्य राज्यमंत्री बोले- अखिलेश यादव को सनातन धर्म का अपमान करने में आता है आनंद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश में गौशालाओं को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा प्रहार किया है। राज्यमंत्री ने अमेठी में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम में कहा कि गौ माता हर हिंदू की आस्था का केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी हिंदू गौ माता का अपमान नहीं करेगा। मंत्री ने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव को सिर्फ सनातन धर्म का अपमान करने में आनंद आता है। मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव मुसलमानों की तारीफ में इतने खो गए हैं कि उन्हें हर जगह सनातन धर्म ही गलत नजर आता है। उन्होंने चेतावनी दी कि सनातन धर्म और उसकी परंपराओं पर सवाल उठाने वालों को देश के हिंदू कभी माफ नहीं करेंगे। छात्राओं को टेबलेट दिए राज्यमंत्री ने कहा कि गाय केवल धार्मिक आस्था का विषय ही नहीं है। यह भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा भी है। उन्होंने बताया



कि योगी सरकार गौ माता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। गौशालाओं की व्यवस्था को लगातार बेहतर किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने स्कूली छात्राओं को टेबलेट भी वितरित किए। यह कार्यक्रम जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में आयोजित किया गया था।

# भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले व्यापारी

## अवैध वसूली और बाजार की समस्याओं पर चर्चा, जल्द समाधान का मिला आश्वासन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी से मुलाकात की। प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी के नेतृत्व में व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने अपनी समस्याएं रखीं। व्यापारियों ने कहा कि वे भाजपा के कोर मतदाता हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरि ने व्यापारियों की समस्याओं के प्राथमिकता पर निस्तारण की मांग की। प्रदेश महामंत्री त्रिपाठी ने एक गंभीर मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत और नगर पालिकाओं के अधिकारी शासनादेश के विपरीत तह बाजारी के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं। कई शिकायतों के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। समाधान का मिला आश्वासन बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। इनमें प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव, जिला महामंत्री हरिकेश पांडे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जयशंकर त्रिपाठी शामिल थे। साथ ही विभिन्न बाजारों के अध्यक्ष जैसे बरौसा बाजार के उदय प्रताप शुक्ला, कादीपुर के घनश्याम जायसवाल और मुडीला बाजार के शिवम अग्रहरि भी उपस्थित थे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में झगड़ा




- यूपी के पीपरपुर में मारपीट, 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश के पीपरपुर के सरैया मजरे सवनगी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मंगलवार सुबह विमल कुमार और मुनेश कुमारी के बीच गाली-गलौज शुरू हुई। यह विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें दो लोग घायल हो गए। पीपरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा ने बताया कि दोनों पक्षों से अलग-अलग शिकायत मिली है। पहले पक्ष से विमल कुमार की शिकायत पर मुरली, विजय कुमार और रोहित के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष से मुनेश कुमारी की शिकायत पर विमल और सूरज कुमार के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# जिला स्तरीय जूनियर कबड्डी में तिलोई क्लब चैंपियन

## अमेठी में फाइनल में आरआरएस ग्लोबल इंटर कॉलेज को 20-05 से हराया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर कबड्डी बालक वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष 2024-25 के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। खेलो भारत के जिला संयोजक शैलेन्द्र ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सोशल मीडिया जिला संयोजक सुबोध तिवारी और एबीवीपी कार्यकारिणी सदस्य आदित्य मौजूद रहे। टूनार्मेंट में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया। पहले मैच में शाहगढ़ कबड्डी क्लब ने राजकीय इंटर कॉलेज अमेठी को 23-05 से हराया। दूसरे मैच में एएच इंटर कॉलेज अमेठी ने आसलदेव इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना को 22-10 से मात दी। सेमीफाइनल में आरआरएस ग्लोबल इंटर कॉलेज अमेठी ने शाहगढ़ कबड्डी क्लब को 13-04 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में तिलोई कबड्डी क्लब ने एएच इंटर कॉलेज अमेठी को 18-10 से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में तिलोई कबड्डी क्लब ने आरआरएस ग्लोबल इंटर कॉलेज अमेठी को 20-05 से हराकर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में आरआरपीजी कॉलेज अमेठी के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष दुष्यंत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद, मोहम्मद मोसर्रफ खान, जीवन रक्ष राम आसरे और लबली तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कार को मारी टक्कर, 3 की मौत

## मथुरा में भंडारा करके वापस लौट रहे थे, सभी कार सवार बदायूं के रहने वाले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, इगलास थाना क्षेत्र में मोनिया बंबा के पास एक स्विफ्ट कार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें बैठे 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए तत्काल सीएचसी इगलास पहुंचाया गया। जहां से एक घायल को हाथरस जिला अस्पताल भेजा गया और 4 घायलों को जेएन मेडिकल कालेज भेजा गया। जेएन मेडिकल कालेज में डॉक्टर ने 3 घायलों को मृत घोषित कर दिया है। वहीं अन्य दोनों का इलाज जारी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से बदायूं जिले के रहने वाले 5 अपनी स्विफ्ट कार से इगलास से गुजर रहे थे। यह सभी मथुरा के गोवर्धन में भंडारा करने के लिए गए थे और भंडारा करके अपनी कार ल्फ 26 ऊख 7498 से बदायूं जा रहे थे। इगलास में इनकी कार किसी अज्ञात वाहन से आमने-सामने से टकरा गई। जिसके कारण कार में बैठे शशिकांत (50) पुत्र उमेश चंद्र, अंशुल (40) पुत्र दिनेश चंद्र, मोहित (40) राज पुत्र हरभवन सिंह, सचिन (40) पुत्र देवकीनंदन और विकास (44) पुत्र अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सभी घायल बदायूं के बिसौली के रहने वाले हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल प्रतीत हो रहे शशिकांत को तत्काल हाथरस के बांग्ला जिला अस्पताल भेजा था। जबकि अन्य चारों को सीएचसी इगलास भेजा था। सीएचसी इगलास से चारों को जेएन मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था। मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान सचिन, विकास और मोहित राज की मौत हो गई। इसमें घायल हुए अंशुल का जेएन मेडिकल कालेज में इलाज जारी है। वहीं शशिकांत का हाथरस जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सीओ इगलास महेश कुमार ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन गंभीर घायल होने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि दो लोगों का इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है

# बैंक फ्रॉड से बचने के लिए जरूरी है जागरूकता

## एसबीआई मैनेजर की सतर्कता, खाताधारक को 37 हजार रुपए वापस मिले

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



हसनपुर, एक महिला खाताधारक के साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला एसबीआई बैंक मैनेजर की तत्परता से सुलझ गया। गांव शेखुपुर झकड़ी की गंगादेई के खाते से फोन पे के जरिए 37 हजार रुपए की अनाधिकृत निकासी की गई थी। गंगादेई मिनी ब्रांच पहुंची। वहां मिनी ब्रांच सीएचपी लेखपाल ने बताया कि उनके खाते से पहले ही पैसे निकाल लिए गए हैं। यह जानकर वह तुरंत मुख्य शाखा पहुंची और मैनेजर विनीत कुमार को स्थिति से अवगत कराया। विनीत कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी करने वाले के खाते की जानकारी निकाली और उस पर रोक लगा दी। उन्होंने ठग से फोन पर बात की और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस पर ठग ने तुरंत पूरी रकम पीड़िता के खाते में वापस कर दी। एसबीआई मैनेजर विनीत कुमार ने सभी खाताधारकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि फ्रॉड होने पर तुरंत बैंक को सूचित करें। साथ ही उन्होंने खाताधारकों से नियमित रूप से केवाईसी अपडेट करने और खाते का विवरण चेक करने की अपील की है। उन्होंने खाते की गोपनीयता बनाए रखने पर भी जोर दिया।

# श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

## प्रवाचक बोले- बचपन से ही बच्चों को धर्म की राह दिखाएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, दक्खिनगांव के खेल मैदान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। अयोध्या से आए प्रवाचक दिव्यांशु जी महाराज ने कथा का वाचन किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से मनुष्य को सभी संकटों से मुक्ति मिल जाती है। भक्त प्रह्लाद और द्रौपदी इसके जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने बताया कि माता-पिता को बच्चों को बचपन से ही धार्मिक संस्कार देने चाहिए। साथ ही पूजा-पाठ की महत्ता से अवगत कराना चाहिए। प्रवाचक ने श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि नटखट कन्हैया की लीलाएं अपरंपार हैं। कथा के समापन पर आयोजक सनत और चंद्रप्रकाश पांडे ने व्यास पीठ की आरती की। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। इस अवसर पर अशोक पाण्डेय, सुरेश शुक्ला, पवन कुमार शुक्ला, पंकज पाण्डेय, दुर्गेश पांडे, जर्नादन पाण्डेय, अतुल पाण्डेय, राहुल, अमित और अशुमान सहित अनेक भक्तों ने कथा का आनंद लिया।

# रंगनाथ भगवान के ब्रह्मोत्सव का समापन

## पुष्पक विमान में विराजमान होकर निकली सवारी, देर रात दर्शन के लिए उमड़ी भीड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, उत्तर भारत में श्री रामानुज संप्रदाय के विशालतम श्री रंगनाथ मंदिर के दस दिवसीय ब्रह्मोत्सव का बुधवार की देर रात को विधिवत समापन हो गया। लोक कल्याण की कामना को लेकर आयोजित वैदिक उत्सव के अंतिम दिवस ठाकुर गोदा रंगनाथ भगवान देसी विदेशी पुष्पों से सज्जित भव्य आकर्षक पुष्पक विमान पर विराजित होकर भक्तो को कृतार्थ करने निकले।

ठाकुर जी की इस अलौकिक छवि को निहारने के लिए भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। धार्मिक नगरी के प्रमुख श्री रंगनाथ मंदिर के ब्रह्मोत्सव में बुधवार की देर रात रंगनाथ मंदिर से भगवान की सवारी विविध प्रकार के देसी विदेशी पुष्पों से सुसज्जित पुष्पक विमान में विराजमान होकर निकली। इस पुष्पक विमान को वृंदावन और कोलकाता के दो दर्जन से ज्यादा कारीगरों ने 24 घंटे से ज्यादा मेहनत कर तैयार किया। पुष्पक विमान में विराजमान भगवान रंगनाथ और माता गोदा जी के दर्शन बेहद ही मनोहारी थे। जिस वाहन में भगवान विराजमान थे उस पर की गई आकर्षक कलाकारी भक्तों को आनंद प्रदान कर रही थी। केले के पेड़ से बनाए मोर हों या फिर विमान के आगे लगा हंस विमान की सुंदरता को चार चांद लगा रहे थे। भगवान रंगनाथ के ब्रह्मोत्सव के अंतिम दिन निकाली गई पुष्पक विमान की सवारी से पहले भगवान का पुष्पार्चन हुआ। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रों के बीच भगवान को पुष्प अर्पित किए। इससे पहले भगवान को 12 तरह के भोग लगाए और 12 आरती की।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।